डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23



# झुग्गी झोपड़ी

हिन्दी दैनिक प्रयागराज से प्रकाशित हम बनेंगे आपकी आवाज

Website : www.jhuggijhopri.com www.jjnews.in प्रयागराज,बुद्धवार 29 मार्च,2023 वर्ष—07 / अंक—307 प्रष्ठ—08 / मूल्य—2 रूपये

## कांग्रेसियों के लिए राहुल गांधी महाभारत के अभिमन्यु

संसद भवन में बजट सत्र के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा था कि एक अकेला सब पर भारी है। कांग्रेसी प्रधानमंत्री के इस भाषण के जवाब में राहुल गांधी की तुलना महाभारत के अभिमन्यु से कर रहे हैं। उनका कहना है कि राहुल गांधी को जयद्रथ और पूरी कौरव सेना ने घेर रखा है। राहुल के कुछ बोलते ही पूरी सेना अर्थ का अनर्थ बनाकर हमले में जुट जाती है। इसमें तमाम मंत्री भी संयम लांघ जाते हैं। कांग्रेसी नेताओं के जवाब के बाद भाजपाई भी कहां पीछे रहने वाले। एक प्रवक्ता ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि राहुल गांधी अभिमन्यु हैं अथवा नहीं, लेकिन प्रध





ानमंत्री को महाभारत काल के सबसे लोकप्रिय पात्र कृ ष्ण के रूप में देख सकते हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्र के लिए समर्पित हैं और खुद को केवल जनता का सेवक मानते हैं। बस यही कारण है कि उनका कोई विकल्प नहीं है। उत्तर प्रदेश के नेता जी मुदित भाव में कहते हैं कि उनका एक अकेला सब पर भारी का मतलब तो अब आप समझ ही गए होंगे।

बाबा के बुलडोजर और जीरो टालरेंस ने ला दिया दिल्ली को हाशिए पर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब राजनीति में मंझे खिलाड़ी की तरह खेल रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने भी प्रदेश की जनता का मूड भांप लिया है। भाजपा की अंदरूनी रिपोर्ट में मुख्यमंत्री का बुलडोजर और माफिया को मिट्टी में मिला देने वाले बयानों से सरकार की जबरदस्त छवि बन रही है। बनारस के एक प्रचारक कहते हैं कि उत्तर प्रदेश में टीआरपी के मामले में बाबा के मुकाबले में इस समय कोई नहीं है। गोरखपुर के एक राय साहब हैं। मुख्यमंत्री योगी के करीबियों में गिने जाते हैं। बताते हैं कि पहले तो कुछ नेता लखनऊ से दिल्ली करते रहते थे। उनका इशारा कुछ उप मुख्यमंत्रियों की तरफ भी है। इधर सब चुप हैं। राय के मुताबिक 2024 में भी यही माफिया को मिट्टी में मिला देने वाला डायलाग बहुत कुछ देने वाला है। इसलिए लखनऊ आगे—आगे और दिल्ली डबल इंजन के सिस्टम में साथ—साथ चल रही है।

## गृह मंत्री ने 130 करोड़ की आबादी को बताया बहुत बड़ा बाजार

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश की 130 करोड़ की



आबादी एक बड़ा बोझ नहीं, बल्कि ये तो एक बहुत बड़ा बाजार है। 2025 तक भारत पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा, इसके लिए पीएम मोदी ने नींव रख दी है। मोदी सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर में लगभग 100 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है। 2014 में राष्ट्रीय राजमार्ग की लंबाई 91 हजार किलोमीटर थी, जो आज बढ़कर 1.46 लाख किलोमीटर हो गई है। इन्फ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक्स कॉस्ट को कम किए बिना इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट संभव ही नहीं था। संपूर्ण विकास तभी, जब पूरा भारत करे प्रयास

मंगलवार को नई दिल्ली में एसोचेम के वार्षिक सत्र श्ठींतंज/100रू ˜ब्अपदह जीम ˜ल वित प्दबसनेपअम ˜दक ˜नेजंपदंइसम ळसवइंस ळतवूजीश विषय पर बतौर मुख्य अतिथि, गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यह बात कही है।

## दूसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर विधायक ने गिनाए विकास कार्य

जौनपुर – क्षेत्रीय विधायक ने दूसरी बार विधायक बनने के एक वर्ष पूरा होने पर अपने द्वारा किए गए विकास कार्यों की उपलब्धियों को गिनाया। सोमवार को बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने अपने दूसरी बार विधायक बनने के एक वर्ष पूरा होने पर निरीक्षण भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलवाया। जिसमें उप जिला अधिकारी ऋषभ पुंडीर, मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा, विध ाायक प्रतिनिधि गंगा सिंह व सुनिल तिवारी मंच पर नजर आए। विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने पत्रकारों के सामने अपने कार्यकाल की रिपोर्ट पेश की। उन्होंने अपने वर्ष 2022 व 23 के कार्यकाल में विधायक निधि सहित केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के द्वारा क्षेत्र में 2 अरब 78 करोड़ से अधिक लागत से कराए गए विकास कार्यों को गिनाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व उपजिलाधिकारी ने विधायक के दूसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उन्हे बधाई दी। प्रेस वार्ता के दौरान श1 साल बदलापुर खुशहालश नाम से पत्र का विमोचन किया गया। जिसमें विधायक ने अपने द्वारा कराए गए 1 वर्ष के विकास कार्यों को पेश किया। जनता के भरोसे को कायम रखने के लिए उन्होंने कहां की विधायक निधि ा किसी के जेब का पैसा नहीं क्षेत्र के विकास का पैसा है। विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने अपने 2022—23 के कार्यकाल में केंद्र ६ राज्य सरकार व अन्य मदों से कराए गए विकास कार्यों में खर्च रूपयों का विवरण देते हुए बताया की विधायक निधि द्वारा सोलर लाइट, प्रवेशद्वार, इंटरलॉकिंग कार्य व इलाज हेतू 2 करोड़ 97 लाख 67 हजार पांच सौ रु०, मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज हेतु एक करोड़ 27 लाख 33 हजार 500 रुपए, पंडित दीनदयाल योजना अंतर्गत बाजारों में सोलर लाइट लगवाने में 2 लाख 50 हजार, बाबू कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजना अंतर्गत सोलर लाइट लगवाने में 2 लाख 50 हजार, मुख्यमंत्री समग्र ग्राम योजना



अंतर्गत सोलर स्ट्रीट लाइट 4 लाख 75 हजार, सेमी हाईमास्ट लाइट 98.80 लाख व सड़क निर्माण कार्य हेतु 18 करोड़ 38 लाख 64 हजार सहित विभिन्न कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया।

## घर मे लगी आग से लाखों के सामान जलकर हुए राख -

मुंगराबादशाहपुर (जौनपुर )।

सोमवार की शाम अज्ञात कारणों से घर मे लगी आग से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के बुढंसापुर कठार (गरियांव) निवासी रामकुमार यादव का तीन कमरों का पक्का माकान है।सोमवार की शाम को अचानक घर मे आग लग गई। जिससे घर मे रखा सामान धू धू कर जलने लगा ।आग की लपटों को देखकर गांव के लोग दौड़कर आग बुझाने का प्रयास किया तथा लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह से काबू पाया जा सका। आग लगने से घर मे रखे अनाज, कपड़े सहित घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। परिवार के लोग किसी तरह बाहर निकल कर अपनी जान बचा सके ।

## एस डी एम बदलापुर ने विधायक बदलापुर को बुके भेंट किया

पत्रकार बदलापुर जौनपुर उपजिलाधिकारी बदलापुर ऋषभ देश राज पुण्डीर ने विधायक बदलापुर रमेश चन्द्र मिश्रा को बुके भेंट कर आयोजित डाक बंगला बदलापुर में प्रेस कांफ्रेस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। ततपश्चात बदलापुर विधायक रमेश चन्द्र मिश्रा ने एस डी एम ऋषभ देश राज पुण्डीर को तेज तर्रार उपजिला धिकारी बताते हुए उनके द्वारा आम जनमानस सहित तहसील के सभी कार्य जो कई वर्षों से लंबित पड़े थे , निस्तारण सहित सभी ऐसे जिन पर उनका दायित्व है तेजी से क्रियान्वित कर रहे है, आम जनता को राहत मिल रही है।उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना ब्यक्त करता हूं। अंत मे एस डी एम ने कहा की वादों का निराकरण, वसूली, वरासत , घरौनी अन्य सभी मामलों में प्रदेश स्तर से जिला स्तर तक तहसील बदलापुर को सममानित स्थान आम जन्तवः कर्मचारियों के सहयोग से मिला है।

## बुढ़ापे का सहारा कौन , बेटा या बेटी पर विशेष



भगवान शिव की सदा जय हो भगवान शिव सभी पर कृ पा करें ,हम सभी लोग मेन हॉल में बैठे—बैठे चर्चाएं कर रहे थे तभी मेरी बहन ने मुझसे एक प्रश्न पूछा कि ष्भैया! यह बताओ आदमी के बुढ़ापे का सहारा उसकी बेटी होती है या उसका बेटामैंने कहा— ष्बहन! यह प्रश्न ना करो तो ही अच्छा है। क्योंकि इससे कोई तो खुश होगा किसी को दुख होगा ।तो अन्य सभी लोग जिद करने लगे नहीं नहीं यह बात तो बतानी ही पड़ेगी वह भी विस्तार से..मैने कहा तो फिर सुनो... बुढापे का सहारा बेटा या बेटी नहीं ष्बहूष् होती हैं। जैसा कि लोगों से अक्सर सुनते आये हैं कि बेटा या बेटी बुढ़ापे की लाठी होती है इसलिये लोग अपने जीवन मे एक ष्बेटा एवं बेटीष् की कामना जरूर रखते हैं ताकि बुढ़ापा अच्छे से कटे ।ये बात सच भी है क्योंकि बेटा ही घर में बहू लाता है। बहू के आ जाने के बाद एक बेटा अपनी लगभग सारी जिम्मेदारी अपनी पत्नी के कंधे पर डाल देता है और फिर बहू बन जाती है अपने बूढ़े सास—ससुर की बुढ़ापे की लाठी ,जी हाँ! मेरा तो यही मानना है वो बहू ही होती है जिसके सहारे बूढ़े सास—ससुर अपना जीवन अच्छे से व्यतीत करते हैं। 'एक बहू को अपने सास—ससुर की पूरी दिनचर्या मालूम होती है। कौन कब और कैसी चाय पीते है , क्या खाना बनाना है , शाम में नाश्ता में क्या देना , रात को हर हालत में 9 बजे से पहले खाना बनाना है । अगर सास—ससुर बीमार पड़ जाए तो पूरे मन या बेमन से बहू ही देखभाल करती है।अगर एक दिन के लिये बहू बीमार पड़ जाए या फिर कही चली जाए तो पूरे घर की धुरी हिल जाती है । परंतु यदि बेटा 15 दिवस की यात्रा पर भी चला जाये तो भी बहू के भरोसे घर सुचारू रूप से चलता रहता है बिना बहू के सास—ससुर को ऐसा लगता है जैसा उनकी लाठी ही किसी ने छीन ली हो। वे चाय नाश्ता से लेकर खाना के लिये छटपटा जाएंगे । कोई और पूछने वाला उनके पास नही होता क्योंकि बेटे के पास समय नहीं है और अगर बेटे को समय मिल जाये भी तो वो कुछ नहीं कर पायेगा क्योंकि उसे ये मालूम ही नही है कि माँ—बाबूजी को सुबह से रात तक क्या— क्या देना है ? क्योंकि बेटे के चंद सवाल हैं और उसकी जिम्मेदारी खत्म..जैसे ष्माँ—बाबूजी ने खाना खा लिया?ष ष्चाय पी ली? ष्नाश्ता कर लिया?ष लेकिन कभी भी ये जानने की कोशिश नही करते कि वे क्या खाते हैं? कैसी चाय पीते हैं? ये लगभग सभी घरों की कहानी है ,मैंने तो अधिकतर ऐसी बहुएँ देखी हैं जो अपनी सास की बीमारी में तन मन से सेवा करती हैं.. इसलिये मेरा मानना है कि बहू ही होती हैं बुढ़ापे की असली लाठी,लेकिन एक बात और सच है कि आप में भी अक्ल होनी चाहिए कि हर वक्त ष्मेरा राजा बेटा!ष ष्मेरी रानी बेटी!ष की रट छोड़ ष्मेरी अच्छी बहू रानी!ष की रट भी लगानी चाहिए। अतः अपनी बहू में सिर्फ कमियाँ न ढूँढें, उसकी अच्छाइयों की कद्र करें ।

## गन्ना मंत्री ने दिव्यांगों को ट्राईसाईकिल की वितरित



दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंगध सहायक उपकरण योजनान्तर्गत जवाहर बाग स्थित कृषि बीज गोदाम स्थल पर निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी एवं विधायक ठा0 मेघश्याम सिंह द्वारा पात्र दिव्यांगजनों को 79 बैटरी चालित ट्राईसाइकिल, 50 हस्तचालित ट्राईसाईकिल, 03 स्मार्ट केन, 21 एम0आर0किट, 03 ब्रेल किट एवं 13 श्रवन यंत्रों का निःशुल्क वितरण किया गया। मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल पाकर दिव्यांगो के चेहरे खुशी से खिल उठे।मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने दिव्यांगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि दिव्यांग भाई बहन अपने आपको हीन न समझे वह अपने मन में हीन भावना जागृत न होने दें, बल्कि अपनी प्रतिभा से राष्ट्र की सेवा में योगदान करें। आज दिव्यांगों के द्वारा अपनी प्रतिभा का लोहा सारे विश्व को दिखा दिया गया है। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि आगामी समय में प्रत्येक विधान सभावार सहायक उपकरण वितरण शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अवशेष समस्त पात्र दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किये जायेगें। विधायक ठा0 मेघश्याम सिंह ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दिव्यांगों की सेवा ईश्वर की सेवा है। आज जिन दिव्यांगों को कृ त्रिम अंगध्सहायक उपकरण मिले है मेरी उनको शुभकामनाएं है तथा ईश्वर से प्रार्थना है आपको आपके जीवन में नया आयाम मिले आप आत्मनिर्भर हो। सरकार आपको समाज की मुख्यध ाारा से जोड़ने हेतु प्रतिबद्व है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, मनोज फौजदार, जिला पंचायत राज अधिकारी किरन चौधरी, अभिनव कुमार मिश्रा जिला कार्यक्रम अधि ाकारी, विजय लक्ष्मी मौर्या जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधि ाकारी आदि उपस्थिति रहें। कार्यक्रम से पूर्व मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी एवं उ. प्र. राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र शर्मा तथा मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लैपटॉपध टैबलेट वितरित किए । मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने 8 लैपटॉप एवं 14 टैबलेट कुल 22 लैपटॉपध्टैबलेट वितरण किया। मुख्य मंत्री बाल सेवा के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 के छात्र—छात्राओं को लैपटॉप और टैबलेट वितरित किये गये।

## संगीता यादव समाजवादी पार्टी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त



जौनपुर ।उत्तर प्रदेश की पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री श्रीमती संगीता यादव को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जनपद जौनपुर में खुशी की लहर देखी जा रही है। संगीता यादव ने महिला सशक्तिकरण, दहेज विरोधी कार्यक्रमों में बढ़—चढ़कर हिस्सा लेती रही हैं । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इनकी सक्रियता को देखकर, इन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी है । उन्हें यह जिम्मेदारी दिए जाने पर विशेष तौर पर जनपद की महिलाओं में खुशी की लहर है । महिलाओं में शशि यादव, कामना सिंह, ममता विश्वकर्मा आदि ने उन्हें बधाई दे तेरी खुशी जाहिर की है। ज्ञातव्य है कि संगीता यादव बदलापुर की रहने वाली हैं।

## सोनई- अलीगढ-जेवर तथा सोनई-दंघेटा-बलदेव-दीनदयाल धाम के लिए नए रेलमार्गों की उठी मांग



मथुरा— सोमवार को ब्रजमंडल विकास समिति सोनई मथुरा के प्रतिनिधिमंडल ने सोनई— बेसवां— इगलास— अलीगढ— जेवर तथा सोनई— दंघेटा— बलदेव— दीनदयाल धाम (फरह) नए रेलमार्गों के लिए सांसद हेमामालिनी से भेंट कर मांग पत्र प्रस्तुत किया गामीणों ने हेमामालिनी से कहा कि सोनई से अलीगढ—जेवर एवं दीनदयाल धाम फरह के लिए कोई रेल सेवा नहीं है लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है स इसलिए ब्रजमंडल समिति सोनई ने सोनई—बेसवां—इगलास—अलीगढ—जेवर तथा सोनई—दंघेटा— बलदेव—दीनदयाल धाम (फरह) नए रेलमार्गों के लिए मांग उठाई है स प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि सोनाई रेलवे स्टेशन के पास लगभग 20 एकड़ भूमि उपलब्ध है स अतः सोनाई रेलवे स्टेशन को जंक्शन बनाते हुए सोनई— बेसवां— इगलास— अलीगढ— जेवर तथा सोनई— दंघेटा— बलदेव— दीनदयाल धाम (फरह) नए रेलमार्ग की स्वीकृत कराने का अनुरोध किया स ग्रामीणों ने बताया कि सांसद हेमामालिनी ने हमें आश्वासन दिया कि मुम्बई से लौटकर आने के पश्चात उक्त रेलमार्गों को स्वीकृत कराने का कार्य प्राथमिकता से करेंगी ।

# राष्ट्र के मौलिक सिद्धांत सर्वोपरि : नेहरू




श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सुरक्षा पर आयोजित हुआ सम्मेलन। वाइस एडमिरल (रि.) रमन पुरी और लेफ्टिनेंट जनरल (रि.) वीके चतुर्वेदी ने किया विद्यार्थियों को प्रेरित। यूथ फॉर नेशन, एनएसएस और डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन।पलवल श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति श्री राज नेहरू ने कहा कि राष्ट्र के मौलिक सिद्धांत सर्वोपरि हैं, लेकिन सदियों से हमारे सिद्धांतों पर प्रहार किया जा रहा है। हमारे आदर्शों और राष्ट्रीय नायकों के इतिहास को दबाया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में वर्तमान में देश के सामने राष्ट्रीय सुरक्षा एक बड़ी चुनौती है। श्री राज नेहरू सोमवार को विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सुरक्षा विषय पर आयोजित सम्मेलन में बोल रहे थे। यह आयोजन डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर और एनएसएस इकाई द्वारा यूथ फॉर नेशन के सहयोग से किया गया। इस मौके पर वाइस एडमिरल (रि.) रमन पुरी और लेफ्टिनेंट जनरल (रि.) वीके चतुर्वेदी ने भी अपने विचारोत्तेजक उद्बोधन से विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कुलपति श्री राज नेहरू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वह अपने कर्तव्यों को पहचान कर राष्ट्रीय एकता में सबसे बड़ी भूमिका अदा कर सकते हैं। देश के दुश्मन युवाओं को अपना निशाना बना रहे हैं। ड्रग्स के जरिए उन को भ्रमित करने के प्रयास हो रहे हैं। कुलपति श्री नेहरू ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि परिस्थितियां कितनी भी कठिन हों, लेकिन उनमें राह खोजने का आत्मविश्वास होना चाहिए। साथ ही उन्होंने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन की बात कही। कुलपति श्री राज नेहरू ने शिक्षकों से भी आह्वान किया कि यदि शिक्षक अपनी मौलिक जिम्मेदारी को भूल गए शिक्षण को नवाचारी और रोजगारपरक नहीं बनाया तो कहीं ना कहीं यह भी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हो सकता है, क्योंकि युवाओं को सही दिशा देकर ही राष्ट्रीय सुरक्षा और समाज को मजबूत किया जा सकता है।

लेफ्टिनेंट जनरल (रि.) वीके चतुर्वेदी ने कहा कि भारत सुदृढ़, सक्षम और स्वाभिमानी देश है। पूरी दुनिया में भारत की विश्वसनीयता बढ़ी है और भारत की नैतिकता शिखर पर है। यह ज्ञान वीरों और दान वीरों का देश है। ज्ञान हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। लेफ्टिनेंट जनरल (रि.) वीके चतुर्वेदी ने कहा कि राष्ट्रीय एकता और देश की सुरक्षा में युवाओं को अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी होगी। हमारे सामने नेताजी सुभाष चंद्र बोस, शहीद–ए आजम भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद जैसे असंख्य स्वतंत्रता सेनानी बड़ी प्रेरणा हैं। स्वतंत्रता सेनानियों से प्रेरणा लेकर हम राष्ट्र की सुरक्षा और मजबूत कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने अपने वीर और वीरांगनाओं की कहानियां पढ़ने और इतिहास को जानने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति इसमें योगदान देगी और ज्ञान के आधार पर भारत फिर से विश्व गुरु बनेगा।

वाइस एडमिरल (रि.) रमन पुरी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हर पल खतरा है। अब दुश्मनों ने तौर तरीके बदल लिए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डाटा और कई अन्य तरह की चुनौतियां राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं। देश के तंत्र को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। इसके लिए युवाओं को आगे आना होगा। युवाओं को हमारा असली इतिहास नहीं पढ़ाया गया। हमारा इतिहास बहुत गर्वीला है। युवा अपने असली नायकों को जाने, पहचाने और देश के लिए सोचना शुरू करें फिर हमें कोई भी चुनौती मात नहीं दे सकती।

इस अवसर पर यूथ फॉर नेशन की ओर से अरविंद त्रिपाठी ने कहा कि हमारा संगठन युवाओं में राष्ट्रीय भाव पैदा करने के लिए काम करता है। इसी कड़ी में युवाओं के बीच जाकर 200 से भी ज्यादा वक्ताओं के माध्यम से उन्हें प्रेरित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय की एसोसिएट डीन डॉ. सविता शर्मा ने अतिथियों का आभार ज्ञापित किया, जबकि सहायक प्रोफेसर डॉ. भावना रूपराई ने मंच संचालन किया। इससे पश्चात अतिथियों ने विश्वविद्यालय की अत्याधुनिक लैब का अवलोकन किया और विश्व स्तरीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की सराहना की।

इस मौके पर यूथ फॉर नेशन की ओर से रमेश कौल, डीन प्रो. आशीष श्रीवास्तव, प्रो. सुरेश कुमार, प्रो. रणजीत सिंह, प्रो. संजय सिंह राठौड़, डॉ. श्रुति, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नकुल, डॉ. प्रीति, ओएसडी संजीव तायल और प्रवीण आर्य भी उपस्थित थे।

# श्री साई स्वामी समर्थ लॉन्ड्री चालक - मालक ट्रेड यूनियन का वार्षिक अधिवेशन संपन्न



द ग्राम टुडे,कांदिवली। श्री साईं स्वामी समर्थ लॉन्ड्री चालक–मालक ट्रेड यूनियन का 7 वां वार्षिक अधिवेशन, होली मिलन तथा स्नेह सम्मेलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस ट्रेड यूनियन के अध्यक्ष ब्रिज कनौजिया ने बताया कि इसी आयोजन के दौरान कार्य प्रणाली पर विशेष चर्चा सत्र का आयोजन भी हुआ, जिसमें समाज को जागरूक करने, सबको एकजुट होने, लांड्री व्यवसाय को आधुनिक रूप देने, इस व्यवसाय से जुड़े लोगों और उनके परिजनों की सामाजिक, व्यवसायिक और आर्थिक स्थिति के साथ साथ सबके भविष्य को लेकर गहन चर्चा की गई । इस भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती सुमन कनौजिया, ट्रेड यूनियन के अध्यक्ष ब्रिज कनोजिया , सचिव तुफानीराम कनोजिया , ट्रेजरर अशोककुमार कनोजिया , लालजी कनोजिया ,निलेश शाह, महादेव पालकर, उदय राज, बाबुलाल, मारकंडेय ,रंजीत , धर्मेन्द्र , अखिलेश कनोजिया, इंद्रजीत धोबी, विनोद, सुरेश , मूलचंद,अशोक सहित यूनियन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवम् भारी संख्या में सदस्यगण अपने परिवार सहित उपस्थित थे ।


## विज्ञापन दर

समाचार पत्र का साइज 25x32

फुल पेज कलर प्रथम पेज 74 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज कलर अंतिम पेज 49 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W प्रथम पेज 35 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W अंतिम पेज 19 हजार रूपये मात्र।
4x6 प्रथम पृष्ठ 3000 और दूसरी पेज 2000 ब्लैक और कलर प्रथम पृष्ठ 5000 द्वतीय पेज 3000
क्लासीफाइड विज्ञापन 250 रूपये मात्र।
क्लासीफाइड मंथली पांच हजार रूपये मात्र।
कोर्ट नोटिस प्रथम पार्टी 450 रूपये मात्र।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मे सम्पर्क करे।
9918366626


# नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 49वां नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



कौल कैथल। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रमुख श्री अमिताभ सिंह ढिल्लों भा.पु.से. साहब के दिशानिर्देशों से नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय कौल में एक दिवसीय 49वां नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. ओ.पी. चौधरी की अध्यक्षता और डॉ. रिंकू पुनिया की देखरेख में यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे हुए थे। महाविद्यालय के सभागार में पहुँचने पर उनका स्वागत किया गया। ब्यूरो अधिकारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन बहुमूल्य है और यहीं से जीवन में सीखने और कुछ करने की भावना का सृजन होता है। अनेक बार कुसंग के कारण व्यक्ति नशे की और अग्रसर हो जाता है तो ऐसे में व्यक्ति का जीवन नीरस हो जाता है और वह एकाकीपन का शिकार हो सकता है। नशा मनुष्य के जीवन की उन्नति में सबसे बड़ी बाधा है। आज के युग में नशे अनेक प्रकार और अनेक रूप में आ चुके हैं जिससे हमे दूर रहने की आवश्यकता है। सबसे भयंकर नशे सिंथैटिक और ड्रग्स के हैं। प्रतिबंधित नशे भी चोरी छिपे बिक रहे हैं। प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि देश के विकास में बढ़ा खड़ी करने वाले नशे रुपी कारक को नष्ट करने में सहयोग करें। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो द्वारा 9050891508 एक हेल्पलाइन नंबर दिया गया है जिस पर कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित नशे बेचने वाले लोगों की गुप्त सूचनाएं दे सकता है। गुप्त सूचनाएं देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाता है। नशा छोड़ने वाले भी उपरोक्त पर सम्पर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक स्वर में जीवन में नशा न करने की शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर विद्यार्थी और शिक्षक उपस्थित रहे।

# पिहानी कोतवाली क्षेत्र के कुईया गांव के निकट गन्ने भरे ट्रक ने ली एक ओर बाइक चालक की जान

हरदोई। ।डीएससीएल चीनी मिल के गन्ना भरे ट्रक लेते हैं हर वर्ष एक दर्जन से अधिक लोगों की जान कोतवाली क्षेत्र के कुईया गांव के निकट ओवरटेक करते समय डीएससीएल हरियावां चीनी मिल गन्ना ले जा रहे ट्रक ने बाइक चालक को कुचल दिया ।जिससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंचे पिहानी कोतवाली के उपनिरीक्षक अनिल सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेज दिया है। द एसआई अनिल सिंह ने बताया कि गुड्डू पुत्र राकेश उम्र 27 वर्ष निवासी महमूदपुर कामी थाना मोहम्मदी खीरी का निवासी है। वह क्षेत्र के एक गांव में तिलक समारोह में परिवार सहित शामिल होने आया था । रविवार की शाम वह प्लैटिना मोटरसाइकिल से घर वापस जा रहा था। रास्ते में कुइयां गांव के पास गन्ने भरे ट्रक ने ओवरटेक करते समय जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर मृत्यु हो गई। टक्कर मारने के बाद चालक गन्ने भरा ट्रक मौके से भाग गया। मृतक गुड्डू के परिजन बोलेरो गाड़ी से पीछे से आ रहे थे। परिजन ने गुड्डू की शिनाख्त कर ली। उप निरीक्षक अनिल सिंह अपनी टीम के साथ गन्ने भरे ट्रक की तलाश में चीनी मिल गए हैं।

# गोलापकड़िया ने अजगरवा को किया प्राजित

जे जे टूर्नामेंट के महामुकबल में गोलापकड़िया टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 44 रनों से अजगरवा टीम को प्राजित किया किया । गोलापकड़िया ने निर्धारित 20 ओवर में 165 रनों का लक्ष्य लक्ष्य रखा। गोलापकड़िया टीम के तरफ से आनंद सिंह और दिपु मिश्रा ने सबसे अधिक 65 व 44 रनों की पारी खेली। सलामी बल्लेबाज सुमन्त मिश्र ने भी ठोस सुरुआत दिया। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए अजगरवा टीम 120 रनों पर सिमट कर रह गई। हौरफनमौला खिलाडी दिपु मिश्र को मैंन ऑफ द मैच चुना गया। मिश्र ने बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी मे भी 3 विकेट हासिल किया। गोलापकड़िया टीम के कैप्टन ने भी 3 विकेट हासिल किया। मौके पर दिपु मिश्र ने कहा कि आगे भी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास करेंगे। कहा कि आगे भी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास करेंगे।



# राष्ट्रीय मानवाधिकार व भ्रष्टाचार नियंत्रण ब्यूरो ने सामाजिक सौहार्द का अद्भुत कार्य योजना चलाया



प्रयागराज। राष्ट्रीय मानवाधिकार व भ्रष्टाचार नियंत्रण ब्यूरो ने भारतीय नव संवत्सर, हिंदू नव वर्ष, नवरात्रि व रमजान के अवसर पर मानवाधिकार संरक्षण व भ्रष्टाचारमुक्त भारत अभियान के साथ सामाजिक सेवा कार्य का अद्वितीय अदभुत कार्य योजना बनाकर व उस पर अमल करके सामाजिक सौहार्द का बेमिसाल उदाहरण प्रस्तुत किया है। जानकारी के अनुसार संगठन के राष्ट्रीय कार्यालय से जारी कार्य योजना में इसके स्वयंसेवकों को जारी निर्देश के अनुसार चौत्र नवरात्रि तथा रमजान के अवसर पर सेवा कार्य योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय मानवाधिकार व भ्रष्टाचार नियंत्रण ब्यूरो के सम्मानित पदाधिकारियों, एक्टिव मेंबर्स, स्पेशल 285 टीम, वैलेंटियर्स को स्वयं की प्रेरणा से अपने सामर्थ्य, समय व सुविधानुसार अपने क्षेत्र के मंदिरों, देव स्थान, मस्जिदों पर कुछ समय देकर सफाई व्यवस्था, श्रद्धालुओं को पक्तिवद्ध कराकर आराम से दर्शन कराने की व्यवस्था व विशेष रुप से दिव्यांग, वृद्ध, कमजोर, बीमार,आई महिला, कन्याओं आदि को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराएं तथा रोजेदारों के सुविधा का ध्यान रखने, भजन कीर्तन कर रहे भक्तों, महिलाओं, मंडली को जलपान की व्यवस्था कराने तथा इफ्तार के समय अपने आस पास के रोजेदारों को इफ्तार में सहयोग करने, संगठन के तरफ से कन्यापूजन व फलाहार की व्यवस्था कराने तथा गरीब तबके के लोगों को रोजा खोलते समय अल्पाहार कराने, देवी जागरण के स्थान पर आयोजक व प्रशासन की सहमति से सुरक्षा व्यवस्था, कार्य व्यवस्था, प्रसाद वितरण व्यवस्था आदि में सहयोग प्रदान करने व इसी प्रकार मस्जिदों के सामने नमाज के वक्त भीड़ को पंक्तिबद्ध रुप से आने जाने में सहयोग करने व सामाजिक सौहार्द बनाने में सहयोग के साथ बीमार, परीक्षार्थियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने की कार्य योजना बनाकर कार्य करने की व्यवस्था करना है जिसका अनुपालन संगठन के स्वयंसेवकों द्वारा किया जा रहा है। इसी के साथ व्रतधारियों व रोजेदार समाजसेवा में लगकर मंदिरों, मस्जिदों व उसके आस पास सफाई व्यवस्था करने के साथ जनहित के मुद्दों को भी उठा रहे हैं।

# स्कंदमाता की कृपा से होती है संतान की प्राप्ति : महंत सर्वेश्वरी गिरि



गोविंदानंद आश्रम में श्रद्धालुओं की होती है मनोकामना पूर्ण। आश्रम के साथ श्रद्धालु भी रखते है कन्याओं का विशेष ध्यान। पिहोवा श्री गोविंदानंद आश्रम में महंत बंसी पुरी जी महाराज व महंत सर्वेश्वरी गिरि की अध्यक्षता में चल रहे पाठात्मक सहस्त्र चंडी महायज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूजा–अर्चना कर मन्नतें मांगी। महायज्ञ के पांचवे दिन नगर के कई गणमान्य लोगों द्वारा मां दुर्गा के पांचवे स्वरूप स्कन्दमाता की पूजा की गई। ज्योतिषाचार्य डा. अभिषेक कुश की अगुवाई में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा प्रातरू पूरे विधि–विधान से यजमनों की पूजा अर्चना करवाई गई। महंत सर्वेश्वरी गिरि ने श्रद्धालुओं पर अपने प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए कहा कि स्कन्दमाता भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। इन्हें मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता के रूप में पूजा जाता है। शास्त्रों में मां स्कंदमाता की आराधना का काफी महत्व बताया गया है। इनकी भक्ति से भक्त को मोक्ष मिलता है, सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांतिमय हो जाता है। इसके अलावा स्कंदमाता की कृपा से संतान के इच्छुक दंपत्ति को संतान सुख प्राप्त हो सकता है। आयोजकों की ओर से मुख्यातिथियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुशील गुप्ता, कुलदीप मुलतानी, जितेंद्र बबलू, विनोद बंसल, पार्षद राजेश गोयल, समाजसेवी तरसेम गर्ग, बारू राम बंसल, आदित्य बहल, सतीश धवन सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।गोविंदानंद आश्रम में सतचंड़ी महायज्ञ में भाग लेते श्रद्धालु।

# जनभाषा द्वारा नवरात्रि विशेष मासिक काव्यगोष्ठी संपन्न

ठाणे। साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था भारतीय जनभाषा प्रचार समिति ठाणे द्वारा नवरात्र विशेष मासिक काव्य गोष्ठी शनिवार दिनांक 25 मार्च 2023 को मुन्ना विष्ट कार्यालय में किया गया जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार त्रिलोचन सिंह अरोरा ने की तथा विशेष अतिथि के रूप में राजेंद्र पाण्डेय,नागेन्द्र नाथ गुप्त,सुबंत कुमार, सम्मानित अतिथि के रुप में महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी द्वारा पुरस्कृत राजीव मिश्र उपस्थित थे।नवांगतुक साहित्यकारों में डा. वर्षा महेश,डॉक्टर पूजा अलपुरिया एवं पत्रकार प्रीती पांडे,शिव प्रकाश पांडे की उपस्थिति देखी गई।संस्था के सदस्य संतोष पाण्डेय एवं अरुणकुमार मिश्र अनुरागी की धर्मपत्नी के असामयिक निधन पर अफसोस जताते हुए उनके दिलों–आत्माओं की शांति के लिए मौन प्रार्थना की गई।मां की आराधना संस्थाध्यक्ष रघुवंशी द्वारा सुमधुर स्वर में की गई तत्पश्चात अनिल कुमार राही द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।गोष्ठी की शुरुआत शिवशंकर मिश्र द्वारा आरंभ हुई।मिश्र अतिथि सम्मान में अग्रणी भूमिका निभाते हैं।संस्था के मीडिया सचिव विनय शर्मा दीप ने बताया कि अतिथियों के साथ कवियों में वरिष्ठ साहित्यकार तिलक राज खुराना,वरिष्ठ कवि हरजिंदर सिंह सेठी,अनिल कुमार राही,संजय द्विवेदी, रामस्वरूप साहू,नंदलाल क्षितिज,डॉक्टर वफा सुल्तानपुरी,शारदा प्रसाद दूबे शरदचंद्र, संतोष कुमार पांडे, शिव कुमार सिंह, अधिवक्ता अनिल कुमार शर्मा,श्रीमती सत्यभामा सिंह,मीनाक्षी शर्मा पंकज, सिंधवासनी तिवारी,शिवशंकर मिश्र,शेषमनि मिश्र,ओमप्रकाश सिंह,नरसिंह हैरान जौनपुरी, डा. वर्षा महेश,पूजा अलपुरिया,रामप्यारे रघुवंशी विशेष रूप से उपस्थित थे।पत्रकार के रूप में प्रीती पांडेय और शिवप्रकाश पांडेय उपस्थित थे। अंत में अनिल कुमार राही ने आभार व्यक्त किया और राष्ट्रगीत व ग्रूप छायाचित्र के साथ गोष्ठी का समापन किया गया।

# श्री केशरी नन्दन भक्त परिवार द्वारा कृष्ण धाम वृद्धाश्रम में सुंदरकांड का किया आयोजन




जयपुर राजस्थान। कृष्ण धाम वृद्ध आश्रम में रविवार को श्री केसरी नंदन भक्त परिवार की ओर से संगीत मय सुंदरकांड के पाठ एवं भजनामृत का कार्यक्रम बड़े ही भक्ति भाव से किया गया। केसरी नन्दन परिवार के संस्थापक हबे सिंह यादव ने कहा कि बृद्धाश्रम में पाठ करने पर बहुत ही सुकून की अनुभूति हुई है। इस कार्यक्रम को रमेश पच्चीसिया और प्रमोद लखोटिया संयोजक कृष्ण धाम वृद्धाश्रम की देखरेख में आयोजित किया गया सुंदरकांड के पाठ में समाज के गणमान्य महानुभाव एवं पदाधिकारी अध्यक्ष केदार मल भाला महामंत्री मनोज मुंदडा महेश सेवा कोष मंत्री मालचंद बाहेती वरिष्ठ जन आवास मंत्री बल्लभ मारू भवन मंत्री श्याम मालपानी एमजीपीएस के सचिव घनश्याम कचोलिया उपस्थित रहे कार्यक्रम के पश्चात गिन्नी देवी माताजी आश्रम निवासी के जन्मदिन के उपलक्ष में साल उढा कर सम्मान किया गया यह कार्यक्रम गिन्नी देवी द्वारा ही करवाया गया था अंकित पचिसिया द्वारा भजन की प्रस्तुति दी गई।

झुग्गी झोपड़ी
हिन्दी दैनिक

## भाजपाइयों ने अनामिका चौधरी जी का किया भव्य स्वागत



28 मार्च प्रयागराज, भाजपा नेत्री अनामिका चौधरी जी को पुनः भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री बनने पर भाजपाइयों ने उनका बालसन चौराहे पर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पार्क में स्वागत किया इस अवसर पर प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी जी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए पुलिस श्रद्धा सुमन अर्पित किया और कहा कि प्रदेश संगठन ने हमें पुनः प्रदेश मंत्री बनाकर जो विश्वास जताया उस विश्वास को टूटने नहीं दूंगी और भारतीय जनता पार्टी के लक्ष्य को पूरा करने तक बैठूंगी नहीं उन्होंने आगे कहा कि भाजपा का आगामी लक्ष्य 2024 में लोकसभा का चुनाव जीतना है और नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है हमारा लक्ष्य है जिसे हम सभी कार्यकर्ता मिलकर पूरा करेंगे

इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि अनामिका चौधरी जी पार्षद से लेकर प्रदेश मंत्री तक बनने के सफर में उपमहापौर, महिला आयोग की प्रदेश सदस्य, और संगठन के कई दायित्व को ईमानदारी पूर्वक निभाया जिसके कारण भारतीय जनता पार्टी ने पुनः एक बार अनामिका चौधरी जी को प्रदेश मंत्री बनाकर प्रयागराज का गौरव बढ़ाया है और कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ता इस में काम करते–करते सर्वोच्च पद पर पहुंच जाते हैं और सर्वोच्च पद पर पहुंच कर भी वह अपने आपको कार्यकर्ता ही कहता है

स्वागत कार्यक्रम का संचालन कुंज बिहारी मिश्रा ने किया एवं धन्यवाद वरुण केसरवानी ने दिया

स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से राजेश केसरवानी कविता यादव त्रिपाठी, गिरजेश मिश्रा, राजन शुक्ला, अनिल कुमार, देवेंद्र पांडे, अनिल भट्ट, रीता सिंह, गीता कनौजिया, अर्चना, वंदना दुबे, चंद्रा अहलूवालिया,रोहित पप्पू पांडे , मीना राय,सोनी भट्ट ,विनीता गुप्ता ,संदीप यादव ,यशस्वी शुक्ला, साहिल ,अमन शर्मा ज्ञानेंद्र कुमार गुप्ता,अजय अग्रहरि, शत्रुघ्न जायसवाल, पूर्व पार्षद उमेश चंद्र मिश्रा, पूर्व पार्षद नटवरलाल भारती, विश्वास श्रीवास्तव ,रवि मिश्रा, अनिल केसरवानी एवं सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री योगी जी के कारण देश में हो रहा है राष्ट्रवाद का उद्घोष

28 मार्च प्रयागराज,दारागंज स्थित प्रयागराज सेवा समिति के कार्यालय में, भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रयागराज महानगर के संयोजक, तीर्थराज पाण्डेय बच्चा भैया की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी हुई। जिसका विषय ,राष्ट्रवाद का उद्घोष था। प्रयागराज सेवा समिति महिला मोर्चा की अध्यक्ष अनुपमा पाण्डेय के द्वारा भगवान नटराज का पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलन कर गोष्टी का आरंभ किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉक्टर शंभू नाथ त्रिपाठी अंशुल जी ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पहले की सरकार मैं राष्ट्रवादी शक्तियां कमजोर थी जिसके कारण आए दिन सनातन धर्म पर प्रहार होता था हर दिन देश व प्रदेश में कहीं ना कहीं दंगे वह बम विस्फोट होते थे वर्तमान शासन के कारण इन सब पर अब अंकुश लग गया है ।डॉ अजय द्विवेदी ने कहा कि पहले राष्ट्रवादी सनातनी शक्तियां आज की तरह अपने धार्मिक आयोजन प्रयोजन नहीं कर पाती थी। डॉ रवि चंद्रा ने कहा की स्वदेशी वैक्सीन के कारण, पूरी दुनिया में भारत के राष्ट्रवाद का डंका बजा। अनुपमा पाण्डेय ने कहा, योगी सरकार के द्वारा रामचरितमानस एवं दुर्गा पाठ का फैसला स्वागत योग्य है।

इस अवसर पर भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति का गौरव बढ़ रहा है इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक तीर्थराज पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा की, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, बन रहे राम मंदिर, उज्जैन कारी डोर को बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने विश्व के सभी सनातन धर्मी एवं राष्ट्रवादी शक्तियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा कर राष्ट्रवाद का उद्घोष कर दिया ।ओर देशवासियों के समक्ष जो कहा उसको करके दिखा दिया। इससे प्रधानमंत्री जी का विश्वास जनता में और बढ़ेगा। उक्त गोष्ठी में, मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी, पंडित कैलाश चंद्र पाण्डेय, सांस्कृतिक मंत्री विष्णु दयाल श्रीवास्तव ,मास्टर सुरेंद्र श्रीवास्तव, आकाश निषाद, मैना निषाद, विनोद यादव नीरज सोनकर श्री नारायण पाण्डेय प्रभु राज पाण्डेय बबलू चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

## नौकरी सरकार की, काम माफिया का सरकारी विभागों में रहकर माफिया के काम करने वाले 53 अधिकारी–कर्मचारी रडार पर

सरकारी नौकरी करते हुए माफिया के लिए काम करने वाले अधिकारियों–कर्मचारियों की कुंडली तैयार की जा रही है। खुफिया विभाग को पता चला है कि कई विभागों में योगी आदित्यनाथ सरकार की आंखों में धूल झोंककर कई अधिकारी–कर्मचारी माफिया की चाकरी करने में जुटे हैं। सिस्टम के ऐसे धोखेबाजों पर खुफिया तंत्र की पैनी नजर है। ऐसे अधिकारियों, कर्मचारियों के फोन सर्विलांस पर ले लिए गए हैं।इससे पहले 26 पुलिस कर्मियों को माफिया की मदद करने के आरोप में हटाया जा चुका है। उमेश पाल हत्याकांड के बाद सरकारी महकमे में बैठे ऐसे लोगों की तलाश की जा रही है, जो अतीक के लिए काम कर रहे हैं। ऐसे अधिकारी और कर्मचारी अब खुफिया विभाग के रडार पर हैं।

## शिक्षा संस्कार युक्त एवं विरासत की रक्षा करने वाली होनी चाहिए– दिव्य कांत शुक्ल

आज दिनांक 28ध्3ध्2023 को जनपद स्तरीय टी.एल.एम. मेला प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज में संपन्न हुआ। इस टी.एल.एम. मेले में प्रयागराज जनपद के समस्त विकासखंडों के प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं निजी डीएलएड कॉलेजों के शिक्षकों, छात्रों एवं प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्राथमिक विद्यालय वर्ग में प्रथम स्थान कौड़िहार, द्वितीय कौंधियारा एवं तृतीय सैदाबाद विकासखंड एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय वर्ग में प्रथम कौड़िहार, द्वितीय चाका एवं तृतीय सैदाबाद तथा डीएलएड प्रशिक्षुओं में प्रथम डायट प्रयागराज, द्वितीय शंभू नाथ डी.एल.एड. कॉलेज द्वितीय एवं मंगला देवी स्मारक महाविद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेले में मुख्य अतिथि दिव्य कांत शुक्ला सचिव माध्यमिक शिक्षा उत्तर प्रदेश प्रयागराज, विशिष्ट अतिथि देवव्रत उप सचिव माध्यमिक शिक्षा उत्तर प्रदेश प्रयागराज एवं खंड शिक्षा अधिकारी करछना रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र प्रताप उप शिक्षा निदेशकध्प्राचार्य डायट प्रयागराज द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत प्राचार्य द्वारा, विशिष्ट अतिथि का स्वागत वरिष्ठ प्रवक्ता आलोक तिवारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी का स्वागत पंकज कुमार यादव ने किया। टी.एल.एम. मेला प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डायट प्रवक्ता शबनम एवं विवेक त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम का आयोजक डायट प्राचार्य राजेंद्र प्रताप, सह आयोजक वरिष्ठता श्री शिव नारायण सिंह एवं आलोक तिवारी तथा संयोजक प्रवक्ता डॉ राजेश कुमार पांडेय रहे। इस दौरान वरिष्ठ प्रवक्ता तरन्नुम असदी, रत्ना यादव, ममता यादव, प्रवक्ता वीरभद्र प्रताप, अखिलेश सिंह, कुलभूषण मौर्य, रामबाबू शुक्ला, प्रतिभा सरोज, निधि मिश्रा, नीलम चतुर्वेदी, रिचा राय, सुरभि मनीषा प्रकाश, रश्मि चौरसिया, वर्तिका कुशवाहा, विनीत तथा डीएनएस से संजय यादव घनश्याम सिंह, गगन चंद गौतम, कार्यालय स्टाप में दिनेश सिंह, अनिल पांडेय, अश्वनी सिंह, उत्कर्ष सिंह, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के एआरपी, शिक्षक, छात्र– छात्राएं एवं डायट के समस्त प्रशिक्षु उपस्थित रहे। विपिन कुमार कुशवाहा का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन पुस्तकालय अध्यक्ष रामाश्रय द्वारा किया गया।

## प्रयागराज, कौशांबी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अमेठी और प्रतापगढ़ के कर्मचारियों के कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय झलवा में बनेगा



प्रयागराज 28 मार्च,2023 ।प्रयागराज शहर पश्चिमी के ट्रिपल आईटी झलवा और राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के बीच ईपीएफ भवन का केंद्रीय मंत्री मा0 भूपेंद्र यादव जी वर्चुअल से जुड़े की उपस्थिति में भूमि पूजन विधि विधान के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व शहर पश्चिमी विधायक श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह के कल कमलों से सम्पन्न हुआ।

पूर्व मंत्री मा0 श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने संबोधन में कहा कि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव जी को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने ई.पी.एफ. कार्यालय निर्माण के लिए मेरी विधानसभा शहर पश्चिमी प्रयागराज को चुना। आज उनके साथ भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। इस कार्यालय के निर्माण से जनपद प्रयागराज, कौशांबी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अमेठी और प्रतापगढ़ के कर्मचारियों के कर्मचारी भविष्य निधि संबंधित कार्य हो सकेंगे।

श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा जिस शहर पश्चिमी प्रयागराज में कभी आतंक के अड्डे स्थापित होते थे।आज उन्हें ध्वस्त कर विकास के भवन बनाए जा रहे हैं। एयरपोर्ट, हॉस्पिटल, नया ब्लॉक एवं लॉ यूनिवर्सिटी जैसे अनगिनत निर्माण के बाद आज इसी कड़ी में केंद्रीय भविष्य निधि कार्यालय के भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। कभी माफियाओं का गढ़ रहा, अब विकास की पहचान बनते हुए शहर पश्चिमी क्षेत्र में कार्यालय खुलने की एक और उपलब्धि से जुड़ गया है।

प्रवर्तन अधिकारी बी. आर. पटेल ने बताया कि यह भवन लगभग 1000 स्क्वायर मीटर पर बनेगा, जो पीडीए से जमीन लगभग 5 करोड़ में खरीदी गयी हैं।जो 3 तल का भवन होगा।जिसके निर्माण में लगभग ढाई साल लगेंगे।केंद्रीय लोक निर्माण विभाग निर्माण कार्यदायी एजेंसी है।अभी बाउंड्री वाल का निर्माण शुरू हुआ है।

इस मौके पर अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त शशि भूषण सिन्हा,क्षेत्रीय आयुक्त गौतम दीक्षित,क्षेत्रीय आयुक्त कार्यालय प्रभारी शाश्वत शुक्ला, डीएलसी राजेश मिश्र,प्रवर्तन अधिकारी बीआर पटेल तथा इफको, एसीसी सीमेंट आदि कंपनियों के कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# माता कल्याणी देवी मंदिर श्री राम कथा

प्रयागराज 28 मार्च। श्री नव संवत्सर मानस समिति द्वारा माता कल्याणी देवी मंदिर परीक्षेत्र में नवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा में प्रख्यात श्री राम कथा व्यास आदरणीय डॉ अनिरुद्ध जी महाराज ने सीता स्वयंवर, धनुष भंग, परशुराम लक्ष्मण संवाद एवं श्री राम विवाह प्रसंग का बड़े रोचक ढंग से लोक शैली में वर्णन किया। बताया कि भगवान राम को धनुष भंग करने में सफल होने का आशीर्वाद गुरु विश्वामित्र से मिला और सीता जी को माता पार्वती ने आशीर्वाद दिया कि पूजहिश मन कामना तुम्हारी। धनुष भंग स्वयंवर में बड़े–बड़े प्रतापी व शक्तिशाली राजा धनुष तोड़ कर विवाह करलेने के विचार से आए लेकिन कोई सफल नहीं हो पाया। गोस्वामी जी ने लिखा है–भूप सहस दस एकहि बारा – लगे उठावन टरहि न टारा । इतने राजाओं द्वारा मिलकर भी धनुष ना तोड़ पाने पर धिक्कारते हुए कहा तजहु आस निज निज ग्रह जाटू, लिखा न विधि वैदेही विवाहश कहा की वीर विहीन मही मैं जाना। इस पर श्री लक्ष्मण जी नाराज व उत्तेजित होकर बोले कि जौ राडरि अनुशासन पावडं, कंदूकरव ब्रम्हांड उठावडं, ।पूज्य व्यास जी ने बताया कि स्थिति अनुकूल समझ कर विश्वामित्र जी ने राम जी को धनुष भंग करने का आदेश किया और राम जी ने धनुष्य तोड़ दिया। धनुष भंग के बाद मिथिला की स्त्रियों द्वारा गाए गए गीतों का संगीत मय सरस वर्णन किया। जय माल हो गया। तभी भगवान परशुराम जी आ गए और भगवान शंकर का धनुष्य टूटा हुआ देखकर अत्यंत क्रोधित हो गए। सवाल जवाब में लक्ष्मण जी की बातों से भगवान परशुराम जी का क्रोध और बढ़ गया। बोले सुनहु राम जेहि शिव धनुतोरा – सहस बाहु सम सोरीपु मोरा। भगवान ने बड़े ही आदर पूर्वक उत्तर दिया– नाथ शंभू – धनु मंजनि हारा – होइहै कोउ एक दास तुम्हारा। परशुराम जी ने भगवान राम से अपना धनुष्य चढ़ाने को कहा। राम जी ने ऐसा कर दिया तब परशुराम भगवान को लगा कि राम के रूप में भगवान का अवतार हो गया। वे शांत होकर वापस चले गए। सीता जी की तीन अन्य बहनों का लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न का भी विवाह हुआ। सब वापस अयोध्या चले गए।उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर आजादी अमृत महोत्सव के अंतर्गत धर्म व संस्कृति पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित माता की चौकी की झांकियां व मनोहर गीत प्रसिद्ध गीतकार श्री श्याम बिहारी गौड़ द्वारा प्रस्तुत किया गया। भारी संख्या में उपस्थित भक्तों ने कार्यक्रम का आनंद लिया।कार्यक्रम के अंत में श्री नव संवत्सर मानस समिति के संयोजक व मां कल्याणी देवी मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित सुशील कुमार पाठक ने भगवान राम माता सीता व प्रभु हनुमान जी की आरती पूजा किया। गणेश केसरवानी अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, केपी ट्रस्ट के पूर्व महामंत्री श्री कुमार नारायण, पंडित अनिल पाठक, पंडित के०के० पाठक, दिलीप चौरसिया समिति के महामंत्री सुबोध खन्ना, अवधेश गुप्ता, विजय वैश्य पूर्व सभासद, एवं पूज्य व्यास डॉ अनिरुद्ध जी महाराज की संस्था दिव्य श्री अध्यात्म राष्ट्र सेवा मिशन की ओर से राजेश केसरवानी आदि ने व्यास जी एवं पूज्य मानस ग्रंथ की पूजा आरती किया।

## अतिथि प्रवक्ता के लिए अर्हता अनुभव शैक्षिक योग्यता रखने वाले इच्छुक व्याख्याता अपना विवरण अभिलेख 31 मार्च तक करें जमा

उप निदेशक, उ0प्र0 सिविल (न्या0) सेवा परीक्षापूर्व प्रशिक्षण केन्द्र डॉ0 मंजुश्री श्रीवास्तव ने बताया है कि उ0प्र0 सिविल (न्या0) सेवा परीक्षापूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज में सिविल सेवा परीक्षा से सम्बंधित विषयों यथा इतिहास, भूगोल, राजनीतिकशास्त्र, अर्थशास्त्र, गणित, विज्ञान, अंग्रेजी आदि के अतिथि प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। अतिथि प्रवक्ताओं को शासन द्वारा निर्धारित अर्हता के अनुसार, चयन समिति द्वारा साक्षात्कारध्ट्रायल लेक्चर के आधार पर इम्पैनल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्याख्याता अर्हताध्अनुभवध्शैक्षिक योग्यता सहित अपना विवरणध्अभिलेख दिनांक 31.03.2023 तक उक्त कोचिंग कार्यालय, नेता चौराहा, प्रयागराज में जमा कर सकते है एवं अधिक जानकारी के लिए कोचिंग कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

## जनपद प्रयागराज में 01 आर0ओ0बी0 के निर्माण हेतु 41 करोड़ 88 लाख 09 हजार रुपए स्वीकृत

उ0प्र0 के लोक निर्माण मंत्री श्री जितिन प्रसाद ने जनपद प्रयागराज में 01 आर0ओ0बी0 के निर्माण हेतु 41 करोड़ 88 लाख 09 हजार रुपए स्वीकृति प्रदान कर दी है।

नाबार्ड वित्त पोषित आर0आई0डी0एफ0 योजनान्तर्गत सेतुओं के नये कार्यों हेतु जनपद प्रयागराज में उत्तर मध्य रेलवे के इलाहाबाद–मुगलसराय रेलवे सेक्शन के कि0मी0–815ध19–21 में छिवकी–करछना रेलवे स्टेशन के मध्य रेल सम्पार संख्या–34ए पर 02 लेन समानान्तर रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण कार्य हेतु रू0 41 करोड़ 88 लाख 09 हजार की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। चालू वित्तीय वर्ष में इस परियोजना हेतु रू0 10 करोड़ 47 लाख 02 हजार की धनराशि भी उ0प्र0 शासन द्वारा अवमुक्त कर दी गयी है।

जनपद प्रयागराज में उत्तर मध्य रेलवे के इलाहाबाद–मुगलसराय रेलवे सेक्शन के कि0मी0–815ध19–21 में छिवकी–करछना रेलवे स्टेशन के मध्य रेल सम्पार संख्या–34ए पर 02 लेन समानान्तर रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से सफर आसान हो सकेगा। आर0ओ0बी0 का निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ हो जाएगा।

## जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित करने के दिये निर्देश

जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों को निर्देशित किया है कि उद्योग बन्धुओं से सम्बंधित प्रकरणों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी एजेण्डा बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए ससमय प्रकरणों को निस्तारित किए जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने रोजगार परक योजनाओं, ग्लोबल इंवेस्टर समिति में धरातल की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारीगणों को निर्देश दिया है कि जो भी औपचारिकताएं है, उसकों पूर्ण करते हुए कार्यों को किया जाये तथा साथ बैठक कर जो भी समस्या आ रही है, उसका समाधान किया जाये। उन्होंने कहा कि उद्योग बंधुओं से जुड़े प्रकरणों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाये। उन्होंने निवेश पोर्टल पर दर्ज आवेदन पत्रों को समय से निस्तारित करने का निर्देश सभी सम्बंधित विभागों को दिया है। साथ ही साथ यह भी हिदायत दी कि निर्धारित समय सीमा के अंदर आवेदन पत्रों का निस्तारण न करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने उद्योग बन्धुओं से प्रकरणों के निस्तारण की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि जो भी प्रकरण लम्बित है, उसे सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निस्तारित कराने के निर्देश दिये है। इस अवसर पर जीएमडीआईसी श्री लालजी सिंह, उद्योगबंधु से श्री मुरारी लाल अग्रवाल, श्री नटवर लाल भारतीय, श्री गुलाटी जी सहित सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण तथा उद्योग बंधु के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## याद करो गर्मी की दोपहरियां और चख लो जिंदगी

ऋतुराज बसंत जा चुका है और अब बस गर्मी की आमद–आमद है। महीनों के हिसाब से देखें तो गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है, लेकिन बादल और बारिश ने कुछ–कुछ गुलाबी जाड़ों का सा एहसास बना रखा है। गर्मियों के वो दिन बहुत हसीन थे। जब दिन में लू चलती और रात को पुरवाई।ऋतुराज बसंत जा चुका है और अब बस गर्मी की आमद–आमद है। महीनों के हिसाब से देखें तो गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है, लेकिन बादल और बारिश ने कुछ–कुछ गुलाबी जाड़ों का सा एहसास बना रखा है। रात में अभी भी मोटी चादर की जरूरत पड़ ही जाती है। कभी गर्मियां बड़ी हसीन हुआ करती थीं। आइए आपको ले चलते हैं, गर्मी की उन्हीं दोपहरियों की तरफ, जिन्हें आप पीछे छोड़ आए हैं। चलिए थोड़ी सी जिंदगी चख लें...गर्मियों के वो दिन बहुत हसीन थे। जब दिन में लू चलती और रात को पुरवाई। बड़े–बुजुर्ग दोपहरियां सोकर गुजारा करते और बच्चे जागकर। सिर्फ जागते नहीं थे बल्कि पूरी शिद्दत के साथ धमाचौकड़ी मचाते थे। ऐसी–वैसी ऊधम नहीं, बल्कि कुछ ऐसी कि सोने वालों की नींद उड़ जाए। जितना रोका जाता, उतना ही दोपहरी में बाहर घूमने निकल जाते। दोपहरी में लू के थपेड़ों के मजे यारों संग लेते। जमीन पर गिरी इमली के दाने आपस में बांटकर मुंह बना–बनाकर खाया करते।गर्मी शुरू होते ही इम्तेहान आ धमकते। जैसे–तैसे रात–रात भर पढ़कर पेपर निपटाए जाते। तब पास होना बड़ा ही मुश्किल लगता था। घर वाले कहते, कूढ़ मगज है। इसके भेजे में कुछ घुसता ही नहीं। पापा कहते घास खोदेगा। उन दिनों बच्चे घर वालों की डांट–फटकार को बिना दिल पर लिए बड़ी ही बहादुरी से पेपर दिया करते थे।सभी बच्चे इम्तेहान का आखिरी पर्चा देने के बाद किसी विजेता की तरह घर में घुसते। घर आकर सबसे पहला जो काम करते, वो ये था कि स्कूल का बस्ता दूर किसी कोने में रख आते, ताकि तीन महीने तक उसके दर्शन न होने पाएं। उन दिनों आज की तरह अप्रैल में स्कूल नहीं खुला करते थे। सो अप्रैल, मई और जून तीन महीने छुट्टियों के होते। तब सात जुलाई को स्कूल खुलता। उन्हें छुट्टियां क्या कहना, धमाचौकड़ी, ऊधम और शरारतों के दौर होते थे। शरारतें भी ऐसी–वैसी।भरी दोपहर में किसी पड़ोसी की घंटी के बटन पर च्यूंगम चिपकाकर भाग आना। घंटी बजती रहती। जब अंकल घर से बाहर झांकते तो उन्हें कोई नजर नहीं आता तो बड़े हैरान–परेशान होते। इन छुट्टियों की दोपहरी में बच्चे इस कदर धमाचौकड़ी मचाते कि घर के सभी बड़े–बूढ़े पूरी दोपहरी डांटते–डपटते गुजार देते। उन दोपहरियों में बच्चे आई–स्पाई खेलते। पुडुक–पुडुकियां खेलते। खो–खो खेलते। कोड़ा जमाल खेलते।जब दोपहर में लू जोर पकड़ती, तो मोहल्ले में कर्फ्यू सा लग जाता। बच्चों को डराया जाता कि बाहर निकले तो लकड़सुंघा पकड़ ले जाएगा। लकड़सुंघा लकड़ी सुंघा कर बच्चों को बस में कर लेता है। इस लकड़सुंघे का खौफ ऐसा था कि किसी बूढ़े को बड़ा सा झोला या बोरा लिए देखते, तो बस यही लगता कि वो लकड़सुंघा है। फिर सभी बच्चे सर पर पैर रखकर भागते।गर्मी की दोपहरी में लू से बचने के लिए सभी बच्चों को घर में बंद करके अंदर से दरवाजे में ताला लगा दिया जाता। किसी को भी दोपहर बारह बजे से लेकर शाम चार बजे तक घर से नहीं निकलने दिया जाता। बड़े कहते कि लू लग जाएगी। उन दिनों समझ में नहीं आता था कि आखिर यह लू लगती कैसे है? जब कभी किसी बच्चे को तेज बुखार आता तो मां डराया करती कि उसे लू लग गई है। तुम्हें भी लग जाएगी।बच्चे बहादुर होते हैं। बिल्कुल निडर। वह किसी खिड़की वगैरह से कूदकर बाहर आ ही जाते। फिर बाकी बच्चों को चुपके–चुपके बुलाते। इस तरह से कुछ बाहर निकलने में कामयाब हो ही जाते। कोई देखने न पाए इसलिए किसी दूसरी गली में पहुंच जाते। या फिर मोहल्ले के बाग का रुख करते। वहां शहतूत, फालसा, लीची, आम, इमली और कमरख तोड़कर खाते। बाग में जाकर लच्छी खेलते। लच्छी का खेल बड़ा ही मजेदार होता। एक बड़ा सा गोला बनाकर उसके बीच में एक मोटा सा डंडा रख दिया जाता।एक बच्चा चोर बनता और बाकी शाह। शाह बने बच्चे पेड़ पर चढ़ जाते। सभी बच्चे चोर बने लड़के का ध्यान भटकाने की कोशिश करते। फिर कोई चुपके से उस डंडे को उठाकर दूर फेंक देता। चोर बना बच्चा वह डंडा उठाकर फिर उसी घेरे में रख देता। जब बच्चे डंडा उठाने की कोशिश करते तो इस बीच चोर बना बच्चा पेड़ से उतरने वाले बच्चे को छूने की कोशिश करता। जो छू जाता फिर उसे चोर बनाया जाता।वो जिंदगी के सबसे हसीन पल थे। तब बड़ों की तरह हमें और आपको जाड़े नहीं, बल्कि गर्मियां पसंद थीं। वो जिंदगी के सबसे हसीन पल थे। तब बड़ों की तरह हमें और आपको जाड़े नहीं, बल्कि गर्मियां पसंद थीं। कोई बड़ा पानी पीने के लिए जाग जाता तो चोरी पकड़ी जाती कि बच्चे घर से फरार हैं। फिर बच्चों को अगली दोपहरी एक मजेदार सजा मिलती। सभी को एक कमरे में बच्चों की मैग्जीन और कॉमिक्स के साथ बंद कर दिया जाता। फिर पूरी दोपहरी हम सब कॉमिक्स पढ़ते। मैग्जीन में रास्ता ढूंढो जैसे खेल खेलते। पढ़ने से ऊब जाते तो लूडो और सांप सीढ़ी खेलते। वो ऐसा दौर था, जब गर्मी के फुरसत भरी दोपहरी में सभी कुछ न कुछ पढ़ते थे। पढ़ते–पढ़ते मुंह पर किताब रखकर सो जाने का रिवाज था। मोबाइल के साथ ऐसा नहीं कर सकते हैं। बच्चों के लिए ढेरों मैग्जीन छपती थीं, जिन्हें बच्चे एक–दूसरे से एक्सचेंज करके पढ़ते थे। भइया क्रिकेट की मैग्जीन पढ़ते। मम्मी और दादी सारिका पढ़ते।दादा और पापा दिनमान या धर्मयुग पढ़ा करते थे। धर्मयुग का ढब्बू जी वाला कार्टून तो हम बच्चे भी पढ़ लिया करते। हम सब ढब्बू जी, चाचा चौधरी और साबू के इस कदर फैन थे कि कापियों पर उसे बड़ी खूबसूरती से उकेरा करते। कई बार जोश में इसे गलत कॉपी पर बना दिया करते। स्कूल में कुटाई होने पर ही मालूम पड़ता कि दिल गलती कर बैठा है। तब के मास्टर ऐसे उदार नहीं थे कि सिर्फ बेंच पर खड़ा करके छोड़ दें। मां जैसे अदरख कूटती हैं वैसे ही बच्चे कूटे जाते थे। गर्मी की वो कुटाई ज्यादा असर नहीं करती थी, जितनी जाड़े की।गूलर के पेड़ की फुनगी और परी वाली कहानी तब सभी कुदरत के संग जीते थे। गर्मी की रातों में बड़े से आंगन में खूब सारी चरपाइयां बिछा करतीं। सभी खुले आसमान के नीचे सोया करते। रात को पुरवाई के बीच खुले आसमान तले ओस से नम बिस्तर पर लेटकर साफ आसमान में तारे गिनना भी एक मजेदार खेल था। इस बीच कोई जुगनू दिख जाता तो बड़ा ही मजा आता। लगता कोई तारा आसमान में उड़ा चला जा रहा है।गर्मी की रातों में जब बच्चे खुली छत पर दादी के साथ सोते, तो दादी कहती कि रात को गूलर के पेड़ की फुनगी पर बहुत सुंदर सा फूल खिलता है। उसे रात बारह बजे चुपके से बहुत खूबसूरत सी परी तोड़ ले जाती है।

## रुप का स्वरुप एवं परिभाषा



अंगों की चर्चा के समय हमने भाषाविज्ञान के अभिव्यक्ति पक्ष में दो संरचनाओं को स्वीकार किया है।
1) ध्वन्यात्मक सरंचना एवं
2) व्याकरणात्मक संरचना

भाषा की व्याकरणात्मक संरचना दो प्रकार की होती है।
(क) रुपात्मक संरचना और
(ख) वाक्यात्मक संरचना

ष रुप ष ध्वनियों का सार्थक युग्म है जो व्याकरण के अनुरुप परिवर्तित होकर कथन में व्यवहृत होता है। इन्हीं रुपों का छोटा या बडा समूह वाक्य कहलाता है। रुप ही पद कहलाता है। वस्तुतः श पदश एवं श रुप श दोनों शब्द पर्यावाची हैं।

शब्द तथा रुप ( पद) रू

शब्द एवं पद में अन्तर है। सार्थक ध्वनि समूहों को शब्द कहा जाता है तथा शब्द का वाक्य में प्रयोग पद कहलाता है। सामान्यतः बोलचाल में शब्द और पद में अन्तर नहीं किया जाता। दोनों के लिए श शब्द श का व्यवहार किया जाता है।

संस्कृत में इसलिए मूल शब्द को प्रतिपादक कहते हैं क्योंकि यह उस मूल शब्द से बनने वाले प्रति पद में विद्यमान रहता है। स्पष्ट है कि संस्कृत भाषा में शब्द तथा पद में पर्याप्त अन्तर है। यथा एक वाक्य देखें – घोडा घास खाना। यध्यपि इसमें वाक्य के लिए आवश्यक कर्ता, कर्म, क्रिया सभी विध्यमान है परन्तु कोई अर्थ अभिप्रेत नहीं।

अर्थतत्त्व एवं एंबंधतत्त्व रू–

उपयुक्त विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि मूल शब्द प्रकृति, धातु या प्रतिपदिक तथा पद में यह अन्तर है कि मूलशब्द के वाक्य में प्रयुक्तत होने की योग्यता नहीं होती तथा पद में संबंध तत्व जुडने के कारण यह योग्यता आ जाते है। इस प्रकार हम कह सकते हैं।

मूल शब्द. संबंध तत्व = पद या रुप

राम मोहन मारा

यहाँ यह स्पष्ट नहीं है कि किसने किसे मारा। यदि इसे ही हम संबंध तत्वों से युक्तत कर दें तो वाक्य होगा श रामने मोहन को मारा। श

यहाँ यह स्पष्ट हो गया है कि मारने की क्रिया करने वाला राम है एवं क्रिया से प्रभावित मोहन है।

संबंध तत्व के कार्य रू–

पद या रुप व्याकरणात्मक संरचना है। इस व्याकरणात्मक संरचना का आधार है संबंध तत्व। मूल शब्द या प्रातिपदिक में व्याकरणात्मक आवश्यकता के अनुरुप ही संबंध तत्व सम्पृक्त होता है। यथा

मैं जाता हूँ।
मैं जाती हुँ।
वे जाते हैं।
वे जाती हैं।

उपयुक्त वाक्य में जाना क्रिया के चार रुप हमें मिलते हैं। इनमें जुडे चार संबंध तत्व है आ, ई, ए, ई। शआ श पुल्लिंग एकवचन का बोधक है, तो ई स्त्रीलिंग एकवचन की। श ए श पुल्लिंग बहवचन का बोधक है तो श ई श स्त्रीलिंग बहवचन की।

रुप परिवर्तन रू–

एक बात और धावनि परिवर्तन के बाद पुरानी रुपों का प्रचलन समाप्त हो जाता है क्योंकि पुरानी ध्वनि को समाप्त करके ही नई ध्वनि आती हैं जब कि रुप परिवर्तन होने के बाद नए रुपों के साथ पुराने रुप भी चलते रहते हैं। यही कारण है कि कभी – कभी भाषा में एक ही पद के अनेक रुप साथ – साथ मिले जाते हैं। पतन्जलि ने भी महा भाष्य में इस बात को स्वीकार किया है। संस्कृत श गो श के साथ ही उसके अपभ्रंश रुप गोवा, गोणी, गोता, गोपोतलिका, आदि पद भी उसके समय में प्रचलित थे।

रुप परिवर्तन की दिशाएँ रू–

रुप परिवर्तन की दो ही दिशाएँ हैं

1) नए रुपों की उत्पत्ति या आगम एवं
2) पुराने रुपों का नाश।

नए रुपों की उत्पत्ति रू–

श रुपों श में जब अधिक एकरुपता आ जाती है, तो रुपों के प्रयोग में भ्रम होने लगता है तब रुपों की एक रुपता समाप्त करके उनमें अनेकरुपता लाने के प्रयास की ओर मनुष्य का मन उन्मुख होने लगता है। नवीनता का आकर्षण भी इसमें सहायक होता है। हिन्दी परसर्गों का विकास इसी प्रक्रिया का परिणाम है।

पुराने रुपों का नाश रू–

किसी एक के पुराने एवं नए रुपों के एक साथ चलने पर वक्तता पुराने रुपों का प्रयोग भार समझने लगता है। परिणामस्वरुप वह प्रयोग से च्युत हो जाता है किन्तु वक्तता द्वारा भविष्य में ये रुप फिर कभी व्यवहृत हो सकते हैं। संस्कृत के आठ कारकों के रुपों के स्थान पर हिन्दी में केवल तीन प्रकार के ही कारक मिलते हैं। संस्कृत के तीन वचन के विपरीत हिन्दी में दो ही वचन होती हैं।

रुप परिवर्तन के कारण रू–

1) सरलता की मनोवृत्ति रू–

कठिन से सरल की ओर अग्रसर होना मानव प्रवृत्ति है। यह मनोवृत्ति रुप परिवर्तन को भी प्रभावित करती है। कारक एवं वचन तथा लिंग के रुपों की संख्या कम करना इसी मनोवृत्ति का परिणाम है। नित नवीन एवं बनाने की मानव प्रवृत्ति होती है। जब परम्परागत शब्द रुपों का प्रयोग करते – करते मन ऊब जाता है, तो वह नए रुपों की खोज में प्रवृत्त होता है। यथा – सुन्दरता का सौन्दर्य, प्रचुरता का प्राचुर्य आदि।

स्पष्टता रू–

शब्द रुपों में अत्यधिक समानता से भाषा में अस्पष्टता आ जाति है। इस स्पष्टता को दूर करने के लिए पुनः भाषा के समान रुपों में भेद उत्पन्न किया जाता है। यथा – पालि में तृतीया, चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी तथा सप्तमी विभक्ततियों के शब्द रुप समान हो जाने पर षष्ठी विभक्तति के लिए, केरक तथा सप्तमी के लिए, मज्झें आदि सहायक शब्द रुपों का प्रयोग भाषा में चल पडा। इससे षष्ठी एवं सप्तमी विभक्तति के अर्थ में स्पष्टता आ गयी।

अज्ञानता रू–

श्रेष्ठ के साथ – साथ श्रेष्ठतर, श्रेष्ठतम, उपयुक्त के स्थान पर उपरोक्त आदि रुप अज्ञानता के उदाहरण हैं।

शब्दागम, शब्द लोप एवं शब्द विपर्यय शब्द रुपों के परिवर्तन के अतिरिक्तत भाषाओं में नए शब्द रुपों का लोप एवं विपर्यय भी होता है। नए शब्दों का आगम शब्दागम कहलाता है। यथा – पानी – वानी रीतिरिवाज, कागज पत्तर आदि। राजनीतिक एवं सांस्कृतिक प्रभाव के कारण कभी – कभी दूसरी भाषाओं के शब्द भी आ जाते हैं। अंग्रेजी, श गिलास श हिन्दी में पानी पीने के बर्तन के लिए प्रयुक्तत होता है। निश्चय ही हमारे यहाँ भी कोई शब्द अवश्य रहाहोगा, किन्तु वह आज लुप्त है और उसका स्थान अग्रंजी भाषा के शब्द श गिलास श ने ले लिया है।

टी एस शान्ति मदुरै तमिल नाडु।
9486207819

## डर बनाम जीत



अक्सर आपने यह कहावत सुनी होगी कि डर के आगे जीत है, इसे अन्य शब्दों में कहे तो मनुष्य को जीत के लिए डर अथवा भय पर काबू पाना आवश्यक हैं। यह मन का नकारात्मक भाव है। यह बेहद अप्रिय भावना भी कही जाती हैं। अमूमन खतरे उपस्थिति अथवा अकेलेपन के कारण भी डर का जन्म होता है।

परीक्षा के दिनों में बच्चों में डर का होना बहुत स्वाभाविक हैं लगभग प्रत्येक विद्यार्थी इस भय से होकर गुजरता हैं। यह डर का सकारात्मक पहलू है जो और अच्छा करने के लिए प्रेरित करता हैं। वाकई यदि जीवन में किसी तरह का डर न हो तो आदमी निर्भय बनकर लापरवाही करने लगता हैं।

यदि हम परीक्षा के डर की बात करें तो वर्ष भर में बच्चें अपने पाठ्यक्रम की 40 से 50 प्रतिशत की तैयारी ही कर पाते हैं। मगर परीक्षा के डर के कारण ही वे पूरे पाठ्यक्रम को पढ़ पाते हैं। इस तरह उनके ज्ञान में वृद्धि तो होती ही है साथ ही उनमें आत्म विश्वास भी जगता हैं।

डर का आम फोबिया सभी के मन में किसी न किसी तरह छाया रहता हैं। यह विभिन्न प्रकारों में तथा स्थितियों में सामने आता हैं। उदाहरण के लिए किसी को गरीबी का डर तो किसी को लोगों की आलोचनाओं का डर रहता हैं। कुछ लोग स्वास्थ्य को लेकर भयभीत होते हैं तो कोई प्रेम में बिछड़ने के कारण डर में जीते हैं। 40 वर्ष की आयु के बाद लोग वृद्धावस्था तथा मृत्यु के डर से त्रस्त रहते हैं।

डर मनुष्य की एक मानसिक दशा का नाम है। जो अभ्यास के द्वारा नियंत्रित भी किया जा सकता है तथा उसे एक सही दिशा भी दी जा सकती हैं। व्यक्ति के कार्य करने के लिए किसी तरह के संवेग या विचारों का होना जरुरी हैं। चाहे वह ऐच्छिक हो या अनैच्छिक.

व्यक्ति के जीवन में डर का महत्वपूर्ण स्थान है यदि कुछ लोग गरीब तथा कुछ अमीर बनते है तो इसमें भी डर की अहम भूमिका होती हैं। किसी क्षेत्र विशेष में व्यक्ति की उपलब्धी की सम्भावनाओं को समाप्त करने के लिए डर को अहम माना गया हैं।

मानव को तर्क एवं विवेक सम्मत प्राणी माना गया हैं। डर इन्सान की तर्क करने की शक्ति को निष्प्रभावी बना देता है। साथ ही उसकी रचनात्मकता तथा कल्पना करने की शक्ति को भी समाप्त कर देता हैं। पहले कदम उठाने तथा कार्य का जिम्मा उठाने से भी रोकता है। तथा उसके उद्देश्यों को अनिश्चित बना देता हैं।

डर सेल्फ कंट्रोल को समाप्त कर जाता है तथा किसी व्यक्तित्व के प्रति जगे आकर्षण के भावों को भी मिटा देता हैं। स्पष्ट चिन्तन की सम्भावनाओं को खत्म कर देता है तथा विल को भी समाप्त करता है। व्यक्ति की यादाश्त तथा महत्वकांक्षा भी शून्य हो जाती है।

यदि हम किसी से सवाल करे कि आपकों सबसे अधिक डर किससे लगता है तो अधिकतर लोगों का यही जवाब होगा कि किसी से भी नहीं। मगर यह जवाब सरासर लगता है। किसी भी व्यक्ति की जीवन की सच्चाईयों से मेल खाता हुआ नहीं होता है। हर कोई किसी न किसी तरह के शारीरिक, मानसिक या आध्यात्मिक बंधन में जकड़े रहते हैं।

हर कोई व्यक्ति किसी डर की उपस्थिति के चलते कई मुशिबतों का सामना कर रहा होता है, जिसके चलते उन्हें जीवन में असफलता तथा निराशा भी हाथ लगी होती हैं। जीवन में डर का भाव इतना गहरा एवं सूक्ष्म होता है कि व्यक्ति इसकी उपस्थिति की पहचान भी नहीं कर पाता है।

कई सारे लोग जीवन में आलोचना से बचने से लेकर भयभीत रहते है। उन्हें जरा सी आलोचना भी असहज लगती है तथा वे इससे निराश व हताश हो जाते है। लोगों की आलोचना के डर के कारण वे अपनी पहल को विराम लगा देते है। इससे उनकी कल्पना की शक्ति तथा सोच का दायरा सिमित होने के साथ ही उनमें आत्मविश्वास भी समाप्त होने लगता हैं।

डर क्या है अर्थ परिभाषा प्रकार और डर के कारण आती हुई आपदा की भावना या दुःख के कारण के साक्षात्कार से जो एक प्रकार का आवेगपूर्ण या स्तम्भ कारक मनोविकार होता है। उसे भय कहते है। क्रोध दुःख के कारण पर प्रभाव डालने के लिए आकुलता रहता है। और डर उसकी पहुंच से बाहर होने के लिए। क्रोध दुःख के कारण के स्वरूप बोध के बिना नही होता। यदि दुःख का कारण चेतन होगा तो यह समझा जाएगा कि उसने जानबूझकर दुःख पहुंचाया है। तभी क्रोध होगा। परन्तु भय के लिए कारण का निर्दिष्ट होना जरुरी नही है। इतना भर मालूम होना चाहिए कि दुःख या हानि पहुचेगी। यदि कोई ज्योतिषी परिवार किसी गंवार से कहे कि "कल तुम्हारे हाथ पाँव टूट जाएगे" तो उसे क्रोध न आएगा, डर होगा।

पर उसी से यदि कोई आकर कहे की " कल अमुक अमुक तुम्हारे हाथ पैर तोड़ देगे"तो तुरंत त्यारी कर कहेगा कि कौन है, हाथ पैर तोड़ने वाला, देख लूँगा।

डर के प्रकार और डर के कारण डर का विषय दो रूपों में सामने आता है। असाध्य रूप में और साध्य रूप में, असाध्य विषय वह है जिसका किसी प्रयत्न द्वारा निवारण असम्भव हो या असंभव मनुष्य समझ पाते साध्य विषय वह है जो प्रयत्न द्वारा दूर किया या रखा जा सकता है।

दो मनुष्य एक पहाड़ी नदी के सामने बैठे या आनंद से बातचीत करते जा रहे है। इतने में सामने शेर की आवाज सुनाई पड़ गई यदि वे दोनों उठकर भागने, छिपने या पेड़ पर चढने के प्रयत्न करे तो बच सकते है विषय के साध्य या असाध्य होने की धारणा परिस्थति की विशेषता के अनुसार ही होती है।पर बहुत कुछ मनुष्य की प्रकृति पर भी अवलम्बित रहती है। क्लेश के कारण का ज्ञान होने पर उसकी अनिवार्यता का निश्चय अपनी विवशता या अक्षमता की अनुभूति के कारण होता है। यदि यह अनुभूति कठिनाई और विपत्तियों को दूर करने के अनभ्यास या साहस के अभाव के कारण होती है, तो मनुष्य स्तम्भित हो जाता है और उसके हाथ पाँव हिल जाते है, पर कड़े दिल का या साहसी आदमी पहले तो जल्दी जल्दी डरता नही है और डरता भी है तो संभलकर अपने बचाव के उद्योगों में लग जाता है। इसलिए जिस कार्य में अधिक डर लगता है वही कार्य बार बार करने से डर को मात दिया जा सकता है।

राजेन्द्र प्रसाद ठाकुर ष्सार्जनष
संपादक
(महाराष्ट्र राज्य)
8652558999

## मन: शक्ति



मनुष्य का मन आंतरिक चिंतन से बली होता है। जिस व्यक्ति को अपने कर्तव्य का पूरा निश्चय है, जो उसको पूरा करने के लिए अपना सर्वस्व खोने के लिए तैयार रहता है उसे कोई भी परिस्थिति भयभीत नहीं करती। मनुष्य के मन में अपार शक्ति है।वह जितनी शक्ति की आवश्यकता अनुभव करता है उतनी शक्ति उसे अपने ही भीतर से मिल जाती है। जो व्यक्ति अपने आपको कर्त्तव्य दृष्टि से भारी संकटों में डालता रहा है वह अपने भीतर अपार शक्ति की अनुभूति भी करने लगता है। उसे अपने संकटों को पार करने के लिए असाधारण शक्ति भी मिल जाती है। जैसे–जैसे उसकी इस प्रकार की आंतरिक अनुभूति बढ़ती है उसकी कार्य क्षमता भी बढ़ती है। घ्कार स्वरूप वाली, अमृत से परिपूर्ण कलश को धारण करने वाली और कमल पुष्प से युक्त तेजोमय माँ के चरणों में हम सभी नमन करते हैं। अपने आपको संघर्षों की भट्टी में मजबूत बनाते चलें, ऊर्जा के छोटे से छोटे बिंब का उपयुक्त प्रभाव होता है। तप से ऊर्जा का संचय होता है।मन जीते–जग जीते अकाट्य सत्य है। निश्चित ही एक तपोपूत का चिंतन असीम ऊर्जा फलदायक होता है।धन्यवाद! राम राम जय श्री राम!

## बहुत कुछ खोकर भी, खुश रहने वालों से सीखे, जिन्दगी कैसे जी जाती हैं



अक्सर लोग थोड़ी पीड़ा, तकलीफ मै टूट जाते हैं और पूरा जीवन व्यर्थ निकाल देते है उसे पाले मेरा उनसे यही कहना है कि उन लोगों से सीख ले प्रेरणा ले जिन्होंने जिन्दगी में वो खोया जो फिर कभी सम्भव नही फिर भी सदा ही कर्मशील रहकर आगे जीवन की बेहद सार्थक कार्य से सुखद सपनों पर ले जाते है और के लिए भी वो अपना जीवन सार्थक कर जाते हैं जबकि अधिकांश लोग कुछ भी थोड़ी परेशानी पीड़ा आई जो आज है कल वही सुख चौन मे भी बदल सकती हैं अनेकों ऐसी बात है जिससे परेशानी बेवह पाल हाथ पर हाथ धरे बैठ जाते है खुद के जीवन तो ऐसे लोगों ने खराब किया है साथ वे देश समाज परिवार के लिए भी तकलीफ दायक हो जाते हैं बेहतर यही होगा आने वाले कल पर यकीन करें और कुछ अच्छा करने का प्रयास करें यदि पूरे विश्वास और आत्म निष्ठा से कार्य किया जाता है तो दुनिया की कोई ताकत आपको आपकी सफलता मे बाधक नहीं बन सकती हैं आज के समय यह और बहुत बहुत जरूरी हो गया है कि जिन्दगी को जिया जाय अच्छे कर्म के साथ अच्छी शिक्षा भावना सोच विचार के साथ सबका विकास के साथ सबका भला के साथ सबका हित के साथ मानव मात्र के कल्याण के लिए तभी जीवन की देशवासियों की सभी के हित में आपका जीवन सार्थक और मूल्यवानहोगा शुभ कर्म मै कार्य में देर न करें आज अभी से सोच को बदले चिंतन को सही दिशा दे और सार्थक करें मूल्यवान मानव जीवन डॉ रामशंकर चंचल झाबुआ मध्य प्रदेश।

## साहित्य की अनेक धाराओं में बिखरी पंखुड़ियां एक गुलदस्ता

साहित्य और भाषा किसी के मोहताज नहीं होते । साहित्यकार अपनी लेखनी से जहां समाज एवं देश की दशा–दिशा में अहम् योगदान देता है वहीं अपने अंदर छुपी हुई एक अलग तरह की कला को कागज कलम से जनता के सामने अखबारों में छपवा कर अपने संबोधनों, पुस्तकों अथवा काव्य चर्चा व कवि सम्मेलनों में प्रस्तुत करता है। यह एक पेशा भी हो सकता है, लिखने का शौक भी या नशा भी।

कविता लिखने वालों के मन में हर समय एक खोजी पत्रकार की तरह दिमाग में अच्छे बुरे विचार, स्थिति को भांपते रहना, हर समय नजर इधर उधर कुछ ढूंढती रहती है और जब समय मिलता है तो कवि अपनी भावनाओं को कागज पर उतार देता है । कविता में अनेक विधाएं हैं । अब तो नए कवि न जाने किन–किन तरीकों से कविताएं लिखते हैं जो निश्चय ही साहित्य में जुड़ती जरूर हैं। अखघ्बारों में भी छप जाती हैं लेकिन मेरा मानना यह है कि कविता में कितना दम है यह कवि सम्मेलनों के माध्यम से ही आंका जा सकता है।

आज भी जाने–माने कवियों की पंक्तियों को हम अपने भाषणों, संचालन आदि में इस्तेमाल करते हैं क्योंकि वे प्रभावी और कालजई होती हैं।

राजस्थान के झुंझुनू जिले के अजाडीघ्कला गांव में जन्मे सुनील कुमार महला अपने बाल्यकाल से शिक्षा दीक्षा एवं सेवाकाल में साहित्य लेखन में विशेष रुचि रखते गए।आप देश के हर कोने के समाचार पत्रों व पत्रिकाओं में लेख छपाते रहे हैं। आपको शिक्षा के क्षेत्र में अनेक सम्मान व पुरस्कार मिलने के साथ ही राष्ट्रीय स्तर के सेमीनारों में हिस्सा लेने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है। बहुआयामी सुनील कुमार महला ने साहित्य जगत में धार्विक नमन शौर्य नाम से अपनी अमिट छाप छोड़ी है। बिखरी पंखुड़ियां नाम की अति सुंदर जिल्द की 467 पन्नों की पुस्तक लिखी है। पुस्तक का प्रकाशन दिशा इंटरनेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली द्वारा किया गया है। इसमें देश भक्ति ,सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक आदि हर तरह की कविताएं निश्छल भाव से लिखी गयी हैं, जो अन्तर्मन को छूती हैं। पूर्वोत्तर में सेवाकाल की अवधि में आपसे दूरभाष व व्हाट्सएप पर मेरा बराबर संपर्क रहा है, बराबर मैं कविता लेख पढ़ता रहा हूँ।

सैकडों कविताएं लिखना व निरंतर उन्हें छपवाते रहना भी एक संघर्ष है। अंत में, इतनी मोटी आठ सौ रूपये कीमत की पुस्तक देश के साहित्यकारों व विद्वानों को भेजना भी आपकी दरियादिली का अनुपम उदाहरण है।

अपने गृहस्थ जीवन में अपनी आजीविका के लिए किये जाने वाले काम के साथ यदि कोई साहित्यिक सेवा करता है तो वह ऐतिहासिक बन जाती है क्योंकि साहित्य पुस्तकों में होता है इसलिए लाखों पुस्तक प्रेमी उसे पढते है।

सुनील कुमार महला साहित्यिक नाम धार्विक नमन शौर्य एक बहुआयामी साहित्यकार है जो अपने जीवन में साहित्य सेवा का कार्य कर रहे हैं जो प्रशंसनीय ही नहीं
अपितु वंदनीय है।
उज्ज्वल भविष्य व स्वस्थ चिंतन की शुभकामनाएं।
मदन सुमित्रा सिंघल,
पत्रकार एवं साहित्यकार सिलचर, असम ,मोबाइल 9435073653

## चिटफंड कंपनी से जमा धनराशि वापस लेने के लिए तहसील मैथा में उमड़ा जनसैलाब



तहसील मैथा में चिटफंड कंपनियों पल्सर सहारा जैसी कंपनियों में जमा धनराशि वापस लेने के लिए उमड़ा जनसैलाब अपना अपना मूलधन वापस लेने के लिए हजारों की संख्या में लोग अपना–अपना रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए तहसील मैथा में हजारों की संख्या में कड़ी धूप में लाइन लगाकर खड़े होने को मजबूर है आपको बताते चलें कि तहसील मैथा में चिटफंड कंपनियों मैं जमा धनराशि वापस लेने के लिए हजारों की संख्या में अपना–अपना रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए लोगों को लंबी लाइन लगाकर कड़ी धूप में खड़े होने के लिए मजबूर है जोकि इतनी कड़ी धूप में अपना पैसा वापस लेने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते हैं लोग पल्स कंपनी से अपना–अपना रिफंड लेने के लिए लोगों ने अपना अपना रजिस्ट्रेशन करवाया।

## किशोरी की चौथी मंजिल से गिरकर संदिग्ध हालात में मौत, परिजनों ने कहा हत्या- पुलिस बोली आत्महत्या

दिल्ली के मधु विहार इलाके में रविवार तड़के 17 वर्षीय किशोरी की चौथी मंजिल से गिरकर संदिग्ध हालात में मौत हो गई। लड़की के परिजनों ने उसके नाबालिग दोस्त पर ही बेटी को चौथी मंजिल से नीचे धक्का देने का आरोप लगाया है। वहीं शुरुआती जांच के बाद पुलिस मामले को आत्महत्या का बता रही है।पुलिस ने किशोरी का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एलबीएस मोर्चरी भेज दिया है। क्राइम टीम के अलावा एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से मामले की जांच में जुटी है।17 वर्षीय किशोरी परिवार के साथ मधु विहार की गली नंबर–28 में रहती थी। इसके परिवार में पिता के अलावा एक बड़ा भाई है। किशोरी ने इसी सात 11वीं कक्षा की परीक्षा दी थी। 15 मार्च को अचानक उसकी मां की मौत हो गई थी। किशोरी की जगतपुरी, राधे श्याम पार्क के एक 17 वर्षीय किशोर से दोस्ती थी। 16 मार्च को दोनों परिवार को बिना बताए देहरादून घूमने निकल गए। लड़की के परिवार ने पुलिस को खबर दी।इसके अगले ही दिन पुलिस व परिवार ने लड़का–लड़की को देहरादून से बरामद कर लिया। इस बीच रविवार सुबह 5.00 बजे यह हादसा हो गया। लड़का चुपचाप अकेला किशोरी के घर उससे मिलने पहुंचा था। दोनों छत पर मौजूद थे। बेटी को बिस्तर पर न पाकर पिता जब छत पर पहुंचे तो उन्होंने दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस का कहना है कि इसी दौरान लड़की ने छत से छलांग लगा दी। परिजन लड़की को लेकर अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। लड़की के पिता ने नाबालिग लड़के को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। उससे बातचीत के बाद पुलिस ने मामले को आत्महत्या का बताया है।

## वैद्य मोरेश्वर दत्तात्रय की पांचवीं पुण्यतिथि पर नालासोपारा मेडिकल कॉलेज में व्याख्यान



,नालासोपारा। श्री नरसिंह के. दुबे चॅरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित नालासोपारा आयुर्वेद मेडिकल कालेज में महाविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष एवं संस्थापक प्राचार्य परम् पूजनीय स्व. वैदय मोरेश्वर वैद्य सर के पंचम स्मृति पर व्याख्यान का आयोजन किया गया स संस्था के सचिव एवं महाविद्यालय के निदेशक डॉ.ओमप्रकाश दुबे, संस्था की विश्वस्त एवं स्त्री रोग प्रसूति तंत्र प्रमुख डॉ. ऋजुता दुबे,महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. हेमलता शेंडे एवं व्याख्यानार्थ उपस्थित प्रमुख वक्ता डॉ. मिलिंद पाटील, डॉ. जयश्री वैद्य, डॉ. तुषार भुवड द्वारा वैद्य सर की प्रतिमा एवं भगवान धन्वंतरि को माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन किया। डॉ. मिलिंद पाटील ने ष्चरकस्तु चिकित्सितेष इस विषय का शास्त्रोक्त विवेचन किया। डॉ. जयश्री वैद्य ने ष्आधुनिक आहार एवं विरूद्ध अन्न ष विषय विद्यार्थीयों को बहुत ही सरल शब्दो समझाया स डॉ. तुषार भुवड इन्होंने Ayurved and contemporary Research methodology इस विषय पर मार्गदर्शन किया।महाविद्यालय के प्रथम ,द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों ने इन व्याख्यानों का लाभ उठाया। कार्यक्रम का संयोजन संहिता विभाग प्रमुख डॉक्टर ज्योती राठी ने कियास डॉ.सर्वेश शर्मा ने इस कार्यक्रम का संचालन किया तथा डॉ. शुभांगी पाटील ने आभार प्रकट किया।

## अपराजिता ने बढाया क्षेत्र का मान, झारखंड में सेवा योजन अधिकारी के पद पर चयनित



(गोरखपुर)। पिपराइच क्षेत्र के खड़राईच खुर्द निवासी अपराजिता मिश्र लोक सेवा आयोग झारखंड में सेवा योजन अधिकारी के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। अपराजिता को सामान्य श्रेणी में 40 वाँ रैंक हासिल हुआ है । उन्होंने गोरखपुर विवि से एलएलबी की पढ़ाई पूरी कर वर्तमान समय मे सिद्धार्थनगर में शिक्षिका के पद पर कार्यरत है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता उर्वशी मिश्रा, शिक्षक पिता शैलेश मिश्र के प्रोत्साहन और अपनी कड़ी मेहनत को दिया है। उनके चयन पर परिवारीजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने बधाई दी है। इस खुशी के मौके पर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ मंडल गोरखपुर के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर पांडेय और जनपद अध्यक्ष बाल विनोद शुक्ल ने प्रसन्नता व्यक्त की है और अपराजिता को बधाई दी है।

## 2024 में लोकसभा का टिकट दिलाने का वादा, 22 साल के लड़के ने नेता को लगा दिया 50 लाख का चूना

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कॉल स्पूफिंग के जरिए ठगी करने करने वाले 4 शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है. सूत्रों के मुताबिक, इन ठगों ने बड़े अधिकारियों के अलावा एक प्रदेश के मुख्यमंत्री दफ्तर के नंबर से स्पूफिंग के जरिए कॉल किया था. एक नेता से 2024 में लोकसभा का टिकट दिलाने के नाम पर 50 लाख रुपए एडवांस भी ले लिए.

इसके लिए आरोपी एक स्पूफिंग ऐप का इस्तेमाल करते थे. पहले यह वेबसाइट से बड़े अधिकारियों नेताओं के मोबाइल नंबर निकाल लेते थे और फिर मुख्यमंत्री ऑफिस का नंबर निकालकर ऐप के जरिए जिसे चाहते उसे वह फोन करते थे. जिसको भी कॉल करते, उसके मोबाइल पर मुख्यमंत्री ऑफिस का नंबर ही दिखता था. पुलिस पड़ताल में पता चला कि एक नेता को ठगों ने विश्वास में लेकर 2024 की लोकसभा का टिकट दिलाने का ख्वाब दिखाया और 50 लाख रुपए एडवांस में भी ले लिए. पैसे एडवांस देने के बाद आरोपियों ने उन पैसों को क्रिप्टो करेंसी में बदला और उसके बाद वॉलेट में सेव करके रख दिया. पुलिस ने आरोपियों के पास से जो वॉलेट बरामद किया है, उसमें 59000 अमेरिकी डॉलर थे जिसे पुलिस ने सीज कर दिया है. इनकी शिकायत एक सरकारी अधिकारी की तरफ से पुलिस को की गई थी. जिसके बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल में 17 फरवरी को थ्प्त् दर्ज की थी. केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू की तो उन्हें पता लगा कि गैंग के लोग स्पूफिंग के जरिए लोगों के साथ ठगी कर रहे हैं. दरअसल, कुछ दिन पहले इन्होंने एक आईपीएस ऑफिसर को फोन करके तीन ट्रांसफर करने के बारे में कहा था, लेकिन आईपीएस अधिकारी को इन पर शक हो गया और उसने भी जांच करवाई तो पता लगा कि उनके पास कॉल मुख्यमंत्री दफ्तर से नहीं आई थी, बल्कि किसी ठग ने स्पूफिंग के जरिए ये कॉल किया था. आईपीएस ऑफिसर को 31 जनवरी और 16 फरवरी को कॉल किया गया था. इसके बाद दिल्ली पुलिस कि स्पेशल सेल ने इस मामले में आईटी एक्ट की धारा 66ब, अपराधिक साजिश की धारा 120इ समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया. टेक्निकल जांच के दौरान पुलिस को पहले उस ऐप के बारे में पता लगा, जिसका इस्तेमाल स्पूफिंग के लिए किया गया था, फिर पुलिस ने कई जगहों पर रेड करके आरोपियों को गिरफ्तार किया.

पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपियों में लखनऊ का 22 साल का हिमांशु सिंह, जस्टिन मोहनलाल परेरा, दशरथ मकवाना, और नरेश कुमार है. आरोपियों को पकड़ने के लिए दिल्ली पुलिस ने कई जगहों पर छापा मारा. फिलहाल सभी आरोपी जेल में बंद हैं.।

## बिजली कंपनियों को मिली सब्सिडी का होगा CAG ऑडिट, केजरीवाल सरकार ने दिए आदेश

दिल्ली में फ्री बिजली सब्सिडी को लेकर एक बार फिर आम आदमी पार्टी और एलजी के बीच तकरार देखने को मिल रही है. आम आदमी पार्टी सरकार में ऊर्जा मंत्री आतिशी ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि फ्री बिजली सब्सिडी से संबंधित फाइलें चुनी हुई सरकार नहीं दिखाई जा रही हैं. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने डिस्कॉम को दी जा रही सब्सिडी के ऑडिट का आदेश दिया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं कोई गड़बड़ी तो नहीं है. आतिशी ने बताया कि सीएजी के पैनल में शामिल एजेंसियां ऑडिट करेंगी तथा इस संबंध में निर्देश दो से तीन दिनों में जारी किए जाएंगे. सब्सिडी रोकने की साजिश आतिशी ने कहा, श्दिल्ली वालों को जो फ्री बिजली की सब्सिडी, अरविंद केजरीवाल सरकार देती है उस सब्सिडी को रोकने की साजिश बहुत बड़े स्तर पर चल रही है. इस मामले से जुड़े कई तथ्य सामने आए हैं जो बड़े सवाल उठा रहे हैं. दिल्ली के सीएम और चुनी हुई सरकार और ऊर्जा मंत्री को फ्री बिजली से जुड़ी हुई फाइलें नहीं दिखाई जा रही हैं. मीडिया के माध्यम से हमें पता चलता है कि एलजी ने एक चिट्ठी लिखी है जिसमें फ्री बिजली के मुद्दे को संज्ञान में लेने को कहा है, लेकिन 15 दिन बीत गए लेकिन वो फाइल आज तक सरकार को नहीं मिली.. इससे लगता है कि दाल में काला कुछ जरूर है. श सरकार ने दिए सीएजी ऑडिट के आदेश आतिशी ने कहा कि आज दिल्ली सरकार की फ्री बिजली सब्सिडी को रोकने की साजिश हो रही है लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली के सभी डिस्कॉम की पिछले 8 साल के खातों को ब।ळ द्वारा जांच कराने के आदेश दिए हैं. उन्होंने कहा कि सरकार ने डिस्कॉम से पूछा कि सरकार ने जो पैसा पिछले आठ साल में आपको दिया, उसका इस्तेमाल आपने किस तरह किया.अतिशी ने आरोप लगाया कि एलजी द्वारा सरकार के कार्यों में अडंगा लगाया जा रहा है.।

## चरोतर की लोकसाहित्य पाठ्यपुस्तक का विमोचन



पुस्तक विमोचन रविवार दिनांक 26.3.2023 को बुद्ध विहार, बापूनगर, अहमदाबाद में प्रकाशन अहमदाबाद द्वारा बहुजन पुस्तक मेला एवं चार पुस्तकों का विमोचन किया गया जिसमें चरोतर के लोककथाकार, कथाकार, लेखक डॉ. रमन माधव की पुस्तकरू ष्चरोतरणा वंचित समाज (कंठस्थ से ग्रन्थस्थ) के लोकसम्पदा नरसंग ओछाबष 320 पृष्ठ का एक बड़ा खंड जारी किया गया। इस अवसर पर साहित्यकार श्री मोहन परमार, साहिल परमार, मोहिंदर मौर्य, मूलजीभाई खुमान, एके डोडिया, नितिन गुर्जर उपस्थित थे। चरोतर के लेखक श्री रमन नादियादी, डॉ. किरीट चौहान, प्रो. नरसिंह परमार भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान उधमसिंह, भारत का संविधान और वीर वाल्मीकि समाज की पुस्तकों का विमोचन किया गया। इसके लेखक चर्चिल मिराना, दिलीप सोलंकी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन समस्त कार्यक्रम आयोजक प्रकाशन के मालिक कौशिक परमार ने किया। पुस्तक मेले में विभिन्न पुस्तकों की बिक्री भी हुई इस अवसर पर खंभोलज साहित्य सेवा संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शैलेश वानिया शैल ने उपस्थित सभी रचनात्मक मित्रों का हार्दिक अभिनन्दन किया।

## नाली के बाहर हुए अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

ुडेसोनभद्र। राबर्ट्सगंज जिला मुख्यालय स्थित नगर पालिका क्षेत्रों के मार्गों पर व्यवसायिक व्यापारियों व अन्य रहवासियों की तरफ से नाली के बाहर अवैध तरीके से अतिक्रमण कर लिया गया था। इसको लेकर रविवार को नालियों के बाहर हुए अतिक्रमण को हटवाया गया।अधिशासी अधिकारी विजय कुमार यादव ने कहा कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर रविवार को महिला थाने से होते हुए रेलवे क्रासिंग के आगे पन्नूगंज मार्ग पर अभियान चलाकर आधा दर्जन से ऊपर अतिक्रमण हटवाया गया। कहा कि बार–बार कहने के बाद भी नाली के बाहर हुए अतिक्रमण को लोगों की तरफ से नहीं हटाया जा रहा था। जिसके बाद कार्रवाई की गई। नगर पालिका की तरफ से व्यवसाय से जुड़े लोगों को नाली के बाहर किए हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए नोटिस भी दी गई थी। जिसमें कहा गया था किअगर तत्काल अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो अभियान अतिक्रमण हटाया जाएगा। जिसको लेकर अतिक्रमण हटाया गया। जिससे कि आवागमन को लेकर किसी प्रकार से कोई भी परेशानी आमजन को न हो सके। ईओ ने कहा कि अगर लोगों की तरफ से अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो पुनरू अभियान चलाकर शहर में हुए अवैध अतिक्रमण को हटाया जाएगा और जुर्माना भी लगाया जाएगा।

## सीपी जोशी ने जयपुर में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का पद संभाला



जयपुर 27.3.23 राजस्थान भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष चंद्र प्रकाश (सीपी) जोशी ने सोमवार को चार्ज संभाल लिया है। चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी दिल्ली से अपने समर्थकों के साथ सोमवार सुबह 7 बजे सड़क मार्ग से जयपुर के लिए रवाना हुए थे। इस दौरान शाहजहांपुर बॉर्डर पर उनका बीजेपी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। नीमराणा, बहरोड, कोटपूतली विराट नगर,पावटा, शाहपुरा, चंदवाजी, आमेर और जयपुर शहर में स्थित खोले के हनुमान जी, ट्रांसपोर्ट नगर चौराहा, धर्मसिंह सर्किल, त्रिमूर्ति सर्किल, स्टेच्यू सर्किल पर स्वागत कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जोशी बीजेपी मुख्यालय पहुंचे। जयपुर ग्रामीण सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौर सीपी जोशी की गाड़ी चला रहे थे।

जोशी ने बीजेपी मुख्यालय में पहले पूजा–अर्चना की फिर पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया से पदभार ग्रहण किया। इस दौरान पार्टी के राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। प्रमुख नेताओं में अरुण चतुर्वेदी, ओम माथुर, महेश शर्मा, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, बारां–झालावाड़ सांसद दुष्यंत सिंह, मनोज राजोरिया, सह प्रभारी विजया रहाटकर शामिल रहे। ताजपोशी में आला नेताओं के साथ प्रदेश भर के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उपस्थिति दर्ज कराई। पोस्टर से गायब हुए सतीश पूनिया राजस्थान बीजेपी मुख्यालय के बाहर लगे पोस्टर से अब सतीश पूनिया की फोटो हट गई है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पोस्टर में अब भी बरकरार हैं। सीपी जोशी की ताजपोशी से पहले ही बीजेपी मुख्यालय के बाहर नए पोस्टर लगाए गए हैं। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ राजस्थान बीजेपी के नवनियुक्त अध्यक्ष सीपी जोशी और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को जगह दी गई है। इसको लेकर सियासी हलकों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

राजस्थान में सतीश पूनिया के अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी मुख्यालय पर लगे होर्डिंग्स से वसुंधरा राजे की तस्वीर को हटा दिया गया था। इस साल जनवरी में जब बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के राजस्थान दौरे पर आए। तब एक बार फिर वसुंधरा राजे की तस्वीर को बीजेपी मुख्यालय में लगे होर्डिंग्स में शामिल किया गया था। उस वक्त से ही राजस्थान की राजनीति में बदलाव की चर्चाएं शुरू हो गई थीं। पिछले 3 साल से बीजेपी मुख्यालय पर लगे होर्डिंग्स में बरकरार रहने वाले सतीश पूनिया की तस्वीर को हटा दिया गया है।राजस्थान से रामस्वरूप रावतसरे

## डॉक्टर सड़क पर, मरीज परेशान राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में निकाला पैदल मार्चय

जयपुर 27.3.23 राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में सोमवार को जयपुर में डॉक्टर्स ने शक्ति प्रदर्शन किया। डॉक्टर जयपुर में एसएमएस मेडिकल कॉलेज के बाहर से पैदल मार्च निकाला। इधर, बिल के विरोध और डॉक्टरों के समर्थन में आज इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने देशव्यापी बंद का आह्वान किया है, जिसमें मेडिकल सर्विस बंद करने की बात कही है।

डॉक्टरों का पैदल मार्च 11 बजे के करीब एसएमएस मेडिकल कॉलेज से शुरू हुआ। जो गोखले हॉस्टल मार्ग, सूचना केंद्र टोंक रोड, महारानी कॉलेज तिराहा, अशोक मार्ग, राजपूत सभा भवन, पांच बत्ती, एमआई रोड, अजमेरी गेट, न्यू गेट, अल्बर्ट हॉल, होते हुए वापस मेडिकल कॉलेज पहुंचकर खत्म हुआ। इस दौरान डॉक्टर्स 4..5 किलोमीटर पैदल चले। इससे पहले रविवार को डॉक्टरों के प्रतिनिधि मंडल की मुख्य सचिव उषा शर्मा के साथ बैठक हुई, लेकिन उसमें कोई हल नहीं निकला। डॉक्टर्स बिल वापस लेने की मांग पर अड़े हैं। सरकार बिल को लागू करने पर। इसके चलते अब लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। लोगों को समय पर ट्रीटमेंट नहीं मिल रहा और लोग भटक रहे हैं।

रेजिडेंट्स की हड़ताल जारी

जयपुर समेत प्रदेश के दूसरे शहरों के सरकारी मेडिकल कॉलेजों से जुड़े हॉस्पिटलों में आज भी रेजिडेंट्स हड़ताल पर है। पिछले 7 दिन से ज्यादा समय से रेजिडेंट्स के हड़ताल पर रहने के कारण जयपुर के एसएमएस समेत दूसरे हॉस्पिटलों में मरीजों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। यहां ओपीडी के साथ ही आईपीडी में भी मरीजों की संख्या सामान्य दिनों के मुकाबले कम हो गई।

जयपुर जिले में पौने दो सौ हॉस्पिटल

हेल्थ डिपार्टमेंट राजस्थान ने सभी जिलों के सीएमएचओ को पत्र लिखकर उनके एरिया में संचालित प्राइवेट हॉस्पिटल की लिस्ट और जानकारी मांगी है। इसमें हॉस्पिटल नाम, पता, मालिक का नाम और फोन नंबर, हॉस्पिटल में बेड की संख्या और वर्तमान स्थिति चालू है या बंद है। जयपुर में पुलिस कमिश्नरेट ने भी अपने एरिया में संचालित हॉस्पिटल की जानकारी मांगी है। जयपुर जिले की बात करें तो वर्तमान में अभी 175 छोटे–बड़े हॉस्पिटल संचालित हैं। राज्य सरकार ने अधिकांश बड़े और मीडियम अस्पतालों को रियायती दर पर जमीन आवंटित कर रखी है। उनका आवंटन निरस्त करने का अधिकार सरकार के पास है।

जिन अस्पताल की बिल्डिंग संबंधित नगरीय निकाय (नगर पालिका, नगर निगम, यूआईटी या विकास प्राधिकरण) से बिना अप्रूव करवाए बनी है, उन इमारतों को सील किया जा सकता है। जिन अस्पताल संचालकों की बिल्डिंग परिसर में पार्किंग और फायर फाइटिंग की सुविधा नहीं है, उनको सील किया जा सकता है या पेनल्टी लगाई जा सकती है। नगर पालिकाएं और नगर निगम इन अस्पताल से नॉर्मल रेट पर नगरीय विकास कर (यूडी टैक्स) वसूलता है। उसे सरकार कॉमर्शियल रेट पर वसूल कर सकती है। जिन अस्पतालों ने अप्रूव नक्शे से अलग अवैध निर्माण कर लिया है, उस अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की जा सकती है।

21 मार्च को विधानसभा में बिल हुआ था पास

भाजपा के तमाम विरोध और हो–हल्ला के बीच राजस्थान विधानसभा में राइट टू हेल्थ (स्वास्थ्य के अधिकार) बिल 21 मार्च को पास हो गया था। इसी के साथ राजस्थान देश का पहला ऐसा राज्य बना है, जहां राइट टू हेल्थ बिल पारित हुआ है। सरकारी और प्राइवेट हॉस्पिटल इलाज से अब मना नहीं कर सकेंगे। यहां के हर व्यक्ति को इलाज की गारंटी मिलेगी। इमरजेंसी की हालत में प्राइवेट हॉस्पिटल को भी फ्री इलाज करना होगा। प्राइवेट हॉस्पिटल में इमरजेंसी में फ्री इलाज के लिए अलग से फंड बनेगा। ऐसे मामलों में किसी भी तरह की हॉस्पिटल स्तर की लापरवाही के लिए जिला और राज्य स्तर पर प्राधिकरण बनेगा। इसमें सुनवाई होगी। दोषी पाए जाने पर 10 से 25 हजार रुपए जुर्माना लगाया जा सकता है।राजस्थान से रामस्वरूप रावतसरे

# हरियाली विस्तार हेतु इं. हेमन्त कुमार फीना बिजनौर सम्मानित




इं. हेमन्त कुमार को सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी

नेचर क्लब फाउंडेशन गोण्डा ने लखनऊ पुस्तक मेले में पर्यावरण और पशु पक्षियों के हितों की रक्षा में क्रियाशील 10 सेवियों को बुलाकर सम्मानित किया।

इस क्रम में पेड़ जियाओ अभियान के संस्थापक और संचालक जिला बिजनौर के ग्राम फीना निवासी इं. हेमन्त कुमार को हरियाली विस्तार के क्षेत्र में नई परिकल्पना देने और धरातल पर उतारने के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया । नेचर क्लब फाउण्डेशन के अध्यक्ष अभिषेक दुबे ने इं. हेमन्त को प्रशंसा पत्र सौंपा। इस अवसर पर हेमन्त ने पेड़ जियाओ अभियान का परिचय दिया और बताया कि अभी तक इस अभियान में लगाए गए लगभग तीन सौ पौधे स्वावलंबी बन चुके हैं। इं. हेमंत ने यह सम्मान पेड़ जियाओ अभियान के प्रतिभागियों को समर्पित कर दिया।

इस अभियान में दस से चालीस पौधों को स्वावलंबी बनाने वाले प्रतिभागियों में प्रदीप श्रीवास्तव कर्वी गुरूप्रसाद मिर्जापुर बृजेन्द्र कुमार कानपुर शिव प्रसाद भारती छतरपुर कौशलेश सिंह कर्वी कुलदीप श्रीवास्तव कर्वी शिवेंद्र सिंह प्रयागराज प्रमुख हैं।

यह कार्यक्रम लखनऊ पुस्तक मेला, रवींद्रालय, चारबाग रेलवे स्टेशन के सामने लखनऊ में संपन्न हुआ। फाउंडेशन ने प्रजातिवाद नामक नाटक का मंचन कराया जिसमें। लोगों को वीगन बनने के लिए प्रेरित किया गया।

हेमन्त ने बताया कि कार्यक्रम में कई पर्यावरण और पशु पक्षी प्रेमियों को सुनने का अवसर मिला जिससे ज्ञानवर्धन हुआ और नई ऊर्जा मिली। इस उपलब्धि के लिए अवधेश साहू सुशील कुमार रवि शंकर पांडेय अविनि सोनी संजीव मिश्र आदि ने इं. हेमन्त कुमार को बधाई दी। बताते चलें कि भवन निर्माण तकनीक जनजागरण पेड़ जियाओ अभियान और क्षेत्रीय इतिहास संकलन एवं लेखन अभियान के संस्थापक व संयोजक

इं. हेमंत कुमार शोध नवाचार आविष्कार स्थानीय इतिहास खोज पूर्ण लेखन और संस्कृति समृद्धि के क्षेत्र में विभिन्न उपलब्धियों के। लिए ख्याति लब्ध हैं। इन्हें प्रतिष्ठित संपूर्णानंद नामित पुरस्कार ए एन खोसला पदक सहित कई पुरस्कार मिल चुके है । इनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। इनके दो आविष्कारों को भारत सरकार से पेटेंट मिल चुका है।

# वन निगम के महाप्रबंधक ने नर्सरी का किया निरीक्षण

सोनभद्र।वन प्रभाग रेणुकूट के म्योरपुर, पिपरी और दुद्धी में वन विभाग के अगले सत्र में लगाए जाने वाले पौधों के लिए पौधशाला में तैयार किए जा रहे पौधे की नर्सरी का नोडल अधिकारी वन निगम के महाप्रबंधक लखनऊ संजय कुमार ने टीम के साथ पहुंच कर स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया की आगामी सत्र के लिए पर्याप्त पौधे तैयार किए जाए जिससे लक्ष्य के अनुसार पौध रोपण किया जा सके। टीम ने पिछले सत्र में रोपित पौधो के स्थिति की जानकारी ली और संतोष जताते हुए कहा की गर्मी के दिनों में सोनांचल के जंगलों में आग लगने की शिकायत मिलती है और उसके चपेट में रोपित पौधे और जंगल जल जाते है। आग न लगे इसके लिए अभी से तैयारी रखे। जंगल में आग न लगे इसके लिए ग्रामीणों को जागरूक करे। साथ ही दमकल की स्थिति की जानकारी भी ली।महाप्रबंधक ने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया कि तैयारियों की समीक्षा होती रहे और निगरानी रखी जाए। जंगल हम सबके लिए महत्वपूर्ण है। इसका एहसास ग्रामीणों को भी इसके लिए उनके बीच बैठक करनी होगी। इस मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव, उप प्रभागीय वनाधिकारी ऊषा देवी, डा. भानेंद्र कुमार, रेंजर शहजादा इमालुद्दीन, पिपरी रेंजर धीरेंद्र मिश्रा, दुद्धी रेंजर संजय श्रीवास्तव, वन दरोगा विजेंद्र सिंह, शिव कुमार, सर्वेश यादव, गोविंद शाह आदि थे।

# बरवर चौकी पर नवरात्रि एवम रमजान को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न



नवरात्रि एवं रमजान को मद्देनजर रखते हुए बैठक हुई बैठक में बरवर नगर व चौकी क्षेत्र के लोग रहे मौजूद पीस कमेटी की बैठक में प्रभारी निरीक्षक पसगवां निर्भय कुमार सिंह व चौकी प्रभारी नवीन कुमार द्विवेदी ने नवरात्रि व रमजान संबंधित जानकारी ली पसगवां प्रभारी निरीक्षक निर्भय सिंह ने उपस्थित नागरिकों से कस्बे व क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य को लेकर विशेष रूप से चर्चा करते हुए समाज विरोधी तत्वों से होशियार रहने की अपील की और समाज में जहर घोलने वाले व्यक्तियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा गंगा जमुनी संस्कृति की व्याख्या करते हुए कहा हिंदू मुस्लिम भाई सदैव एक साथ मिल जुल कर त्यौहार मनाने की अपील। बहीं बरवर चौकी प्रभारी नवीन कुमार द्विवेदी नें सामाजिक एकता के संबंध में विशेष रूप से चर्चा की आपसी भाईचारा कायम रखने की अपील भी की बैठक में मुख्य रूप से प्रदीप मिश्रा, धर्मेश शर्मा, मुकेश पांडेय,राजेश गुप्ता, मिर्जा शाहिद बेग, नरवीर कुशवाहा,अरविंद सिंह,रुखसाद,हरिनाम कुशवाहा पवन आर्य,जलील अहमद,बहादुर लाल,सहित नगर के तमाम लोग मौजूद रहे।

# कवि अशोक कुमार यादव संभागीय अधिवेशन में हुए सम्मिलित

राष्ट्रीय कवि संगम इकाई बिलासपुर संभाग के संभागीय अधिवेशन दिनांक 26 मार्च 2023 को डी.आई.ए. सभागार जांजगीर में आयोजित किया गया। अधिवेशन की शुरुआत विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा, अर्चना एवं गीत के साथ किया गया। मंच का संचालन दिनेश चतुर्वेदी के द्वारा किया गया। अधिवेशन दो सत्रों में विभाजित था। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि दिनेश शर्मा, अध्यक्षता महेश शर्मा, विशिष्ट अतिथि विजय दुबे और ईश्वरी यादव थे। वरिष्ठ साहित्यकार ईश्वरी यादव के द्वारा कविता लेखन और छंदों के बारे में बताया गया। विजय राठौर के द्वारा सजल के मानक और अमानक के बारे में बताया गया। संभागीय प्रतिवेदन का वाचन किया गया और काव्य कुंज पत्रिका का विमोचन किया गया। द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि योगेश अग्रवाल, अध्यक्षता विजय राठौर, विशिष्ट अतिथि कमल शर्मा, अरविंद सोनी सार्थक, मल्लिका रुद्रा और दिनेश रोहित चतुर्वेदी थे। इस सत्र में जिला इकाइयों का प्रतिवेदन, सरस काव्य गोष्ठी और प्रतिभागी साहित्यकारों का सम्मान एवं सहभागिता प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस अधिवेशन में जिला मुंगेली, छत्तीसगढ़ के कवि, साहित्यकार एवं राष्ट्रीय कवि संगम इकाई के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार यादव के द्वारा अपने जिले का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया और जीत–जीत सोच कविता का काव्य पाठ किया।




# चमनलाल महाविद्यालय में G-20 के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां संचालित




लंढौरा स चमन लाल महाविद्यालय नेक ग्रेड–बी प्लस में आज ळ–20 के अंतर्गत शासन द्वारा प्राप्त पत्रांक के अनुसार निम्नलिखित गतिविधियां संचालित की गई। जिसमें आर्थिक वित्तीय स्थिति हेतु ळ–20 देशों में पारस्परिक सहयोग के संयोजक डॉ किरण शर्मा डॉ. विमल कांत ने एक संगोष्ठी का आयोजन किया तथा इसी क्रम में जलवायु परिवर्तन आयाम और परिणाम जिसके संयोजक डॉ. नवीन त्यागी एवं डॉ. प्रमोद अंतराल ने विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इसी क्रम में कोविड–19 वैश्विक महामारी की रोकथाम एक प्रयास के संयोजक डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने एक रैली का आयोजन करके सबको इसके प्रति जागरूक किया ।महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री राम कुमार शर्मा ने रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया। यह रैली लंढोरा कस्बा क्षेत्र से होते हुए महाविद्यालय परिसर में समाप्त हुई ।इस रैली में महाविद्यालय के 100 से अधिक छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा पर्यावरण संरक्षण के विविध आयाम पर संयोजक डॉ. विधि त्यागी एवं डॉ. दीपिका सैनी ने छात्र–छात्राओं को लघु फिल्म के माध्यम से जागरूक किया ।इस फिल्म के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के उचित संसाधनों के विषयों से अवगत कराया गया कि किस प्रकार हम प्रतिदिन जल का दोहन कर रहे हैं ।अतः हमें जल के रोकथाम के लिए उचित कदम उठाने पड़ेंगे तथा जैविक खेती द्वारा आत्मनिर्भरता के विषय के संयोजक डॉ. मधु मेहरा एवं सागर चौधरी ने खेती उपयोगी संसाधनों के विषय में सभी छात्र छात्राओं को जागरूक कर खेती में होने वाले कीटनाशक दवाइयों के विषय से भी छात्र छात्राओं को अवगत कराया गया किस प्रकार पेस्टिसाइड्स हमारे अनाज को दूषित कर रहे हैं इनसे बचने के लिए हमें जैविक खेती की ओर ध्यान देना चाहिए अन्त में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित करवायी गयी ।कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. दीपा अग्रवाल ने बताया कि अधिकांश उत्तराखंड के सभी कॉलेजों में जी–20 देशों के अंतर्गत इस प्रकार की गतिविधियां आयोजित कराई जा रही है ।इस प्रकार की गतिविधियां छात्र–छात्राओं में आगे बढ़ने की भावनाएं विकसित करती है ।कार्यक्रम की समन्वयक डॉ मीरा चौरसिया व सह–समन्वयक डा हिमांशु कुमार रहे स इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# वायरल से बचने के लिए सावधानी बरतने की जरूरत : डॉ. आशीष अनेजा



कुवि के यूआईईटी संस्थान की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा खेड़ी ब्राह्मणा में ग्रामीणों के लिए फ्री मेडिकल चेकअप शिविर आयोजित ।कुरुक्षेत्र,। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी व निदेशक यूआईईटी प्रो. सुनील ढींगरा के नेतृत्व में संस्थान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांव खेड़ी ब्राह्मणा में आयोजित शिविर के दौरान ग्रामीणों का मेडिकल चेकअप करवाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के निशुल्क चेकअप की प्रशंसा करते हुए प्रोफेसर ढींगरा ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र के एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. आशीष अनेजा के नेतृत्व में साप्ताहिक शिविर के पांचवें दिन गांव के सामुदायिक केंद्र में वरुण, नीरज, हेमराज, अमित छाबड़ा, तरुण कुमार व पार्थ की टीम ने लगभग 300 लोगों का निशुल्क चेकअप किया जो मानव कल्याण के लिए बहुत बड़ा कार्य है। संस्थान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई निरंतर इस कार्यक्रम में अच्छा प्रयास कर रही है।

इस अवसर पर डॉ. आशीष ने कहा कि समय के अनुसार बदलते मौसम के कारण खघसी, जुखाम व वायरल तेजी से हो रहा है जिसका समय पर सही व उचित उपचार न मिलने से बीमारियां बड़ा स्वरूप ले लेती हैं जिसकी वजह से मानव को शारीरिक कष्ट होता है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के वायरल से बचने के लिए सावधानी बरतने की जरूरत है।

डॉ. अनेजा ने बताया कि इससे बचने के लिए इंसान को बाहर की तली हुई खाने की वस्तुओं से परहेज करना चाहिए। साथ ही अपनी दिनचर्या में फल व हरी सब्जियों का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया इस शिविर के दौरान है शुगर, ब्लड प्रेशर, हड्डियों से संबंधित व शरीर में विभिन्न प्रकार की नसें का चौकअप किया गया है। उन्होंने बताया कि छोटी मोटी बीमारियों से बचने के लिए शुद्ध पानी अधिक मात्रा में पीना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि निशुल्क जांच शिविर के लिए ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया क्योंकि इसके लिए स्वयंसेवकों ने घर–घर जाकर प्रचार किया था।

दूसरे सत्र में हरियाणा नारकोटिक्स विभाग के इंचार्ज डॉ. अशोक वर्मा ने उपस्थित स्वयंसेवकों को व्यसनों से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने नशे से होने वाली विभिन्न प्रकार की बीमारियों व हरियाणा सरकार द्वारा नशे के रोकथाम के लिए किए गए कार्यों के बारे में बताया। इस अवसर पर गांव में नशा विरोधी जागरूकता रैली निकाली गई ।इस अवसर पर डॉ. अमीता मित्तल, डॉ विकास कंबोज, डॉ. वर्षा व हरिकेश पपोसा सहित सभी स्वयंसेवक मौजूद रहे ।निशुल्क जांच शिविर की ग्रामवासियों की सराहना

केयू के यूआईईटी संस्थान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांव खेड़ी ब्राह्मणा में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में गांव के 65 वर्षीय महेंद्र सिंह ने बताया कि गांवों में घर से बुलाकर पहली बार फ्री चौकअप किया गया जो बहुत ही सराहनीय है। 60 वर्षीय सुखविंदर कौर ने कहा कि हमें बाजार नहीं जाना पड़ा और घर से बुलाकर फ्री में सभी टेस्ट करवाए, यह बड़ा पुण्य का काम है। 65 वर्षीय राजविंदर ने बताया कि यह स्वास्थ्य जांच शिविर सभी बुजुर्गों के लिए बड़ा लाभदायक रहा। इस अवसर पर गांव के सरपंच गुरपाल ने कहा की निःस्वार्थ भावना से लगाया गया यह शिविर गांव के बुजुर्गों लिए मददगार रहा और भविष्य में भी बुजुर्गो के लिए ऐसे आयोजन होने चाहिए।

# प्रताप सरनाईक फाऊंडेशन के कार्यक्रम में दिखी उत्तर भारतीय समाज की भक्तिधारा

भायंदर ।प्रताप सरनाईक फाऊन्डेशन द्वारा आयोजित भव्य नवरात्रि में 5 वा दिन उत्तर भारतीय समाज के भक्तिधारा को समर्पित रहा। विधायक प्रताप सरनाईक के कुशल नेतृत्व एवं कार्यक्रम के कार्याध्यक्ष विक्रम प्रताप सिंह ,जिलाप्रमुख राजू भोईर,महिला जिला संगठक निशा नार्वेकर,डा.सचिन मांजरेकर के नेतृत्व में हजारों शिवसेना के पदाधिकारी कार्यक्रम को यादगार बनाने में लगे है। उत्तर भारतीय के कर्मठ समाजसेवी,उद्योगपति,व्यापारियों के साथ हजारों की भीड़ कार्यक्रम को भव्यता प्रदान कर रही है। उपस्थित मेहमानों का अभिनंदन सत्कार विधायक प्रताप सरनाईक के नेतृत्व में किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति स्नेहा उपाध्याय ,राधा मौर्या,मुकेश त्रिपाठी,शशिकांत मिश्रा ने भक्तिमय समा बांधा तो उपस्थित जनसमुदाय ने मातारानी के जयकारों से कार्यक्रम स्थल को भक्तिमय कर दिया ।उपस्थित समाज बंधुओ और उत्तर भारतीय समाज का विधानसभा प्रमुख शिवसेना विक्रम प्रताप सिंह एवं उत्तर भारतीय जिला प्रमुख शिवसेना विद्या शंकर चतुर्वेदी ने आभार प्रकट किया।



# ऑलराउंडर कलाकार अमित की दिलकश आवाज ने बांधा समां




चित्तौड़गढ़। स्वीट वॉइस इवेंट मैनेजमेंट की ओर से दिनांक 26 मार्च 2023 रविवार को चित्तौड़गढ़ के अर्जुन बाग पैलेस में आयोजित माँ बायन माता की प्रसादी व युवा स्नेह मिलन समारोह में चित्तौड़गढ़ के हरफनमौला कलाकार अमित कुमार चेचानी ने अपनी दिलकश आवाज के जरिए समां बांधे रखा। इस अवसर पर उन्होंने सदाबहार गीतों से समारोह में अपने सुरों के जादू से और भी खूबसूरत बनाया जिससे कार्यक्रम में चार चांद लग गए। इस समारोह में अमित का सुरीली गायिका रेशम व ईशा कंवर ने साथ दिया कई युगल गीत भी गाये जिससे उपस्थित अतिथि मंत्रमुग्ध हो गए। इस प्रसादी व स्नेह मिलन समारोह में चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी व युवा शक्ति को आमंत्रित किया गया जिसमें विभिन्न पंचायतो के हजारों युवाओं ने भाग लिया। आयोजन के दौरान उपस्थित सभी अतिथियों ने सुरीले गीतों का आनंद उठाया व अतिथियों ने कलाकारों की हौसला अफजाही भी की।

स्वीट वॉइस इवेन्ट मैनेजमेंट ग्रुप छू रहा है सफलता के नए आयाम

उल्लेखनीय हैं कि अमित चेचानी के स्वयं के इवेंट ग्रुप स्वीट वॉइस इवेन्ट मैनेजमेंट ग्रुप के जरिये विवाह समारोह, बर्थडे पार्टी, महिला संगीत व इवेंट संबंधी गतिविधियों में एंकरिंग के साथ–साथ सिंगिंग से संगीत प्रेमियों का मनोरंजन कर रहे हैं व सफलता के नए आयाम छू रहे हैं। साथ में नई प्रतिभाओं को भी अवसर प्रदान कर रहे हैं। इवेंट में विभिन्न समारोह में म्यूजिक इवेंट के साथ – साथ साउंड, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, लाइटिंग, डेकोरेशन आदि के काम भी इस ग्रुप के माध्यम से सफलता पूर्वक हो रहा है। कार्यक्रमों की बुकिंग जारी है। जानकारी हेतु मो. न. 98291 13675 पर संपर्क कर सकते हैं।

आवश्यकता है

झुग्गी झोपड़ी हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
एवमं
JJ News Portal
के लिये उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले
के लिए संवाददाता, पेजमेकर आपरेटर,
विज्ञापन प्रतिनिधि और एजेंसी / ब्यूरो
चीफ बनने हेतु सम्पर्क करे !

सम्पादक - संजय कुमार यादव
9918366626 9454084311
पता
277/129, चकिया, जगमल का हाता,
पीएनबी एटीएम के पास

झुग्गी झोपड़ी
हिन्दी दैनिक

# चीनी राष्ट्रपति बोले- ईरान और सऊदी शांति बनाए रखने के लिए तैयार

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मंगलवार को कहा कि हमें उम्मीद है कि ईरान और साऊदी अरब दोनों अपने संबंधों में सुधार करेंगे। जिससे पश्चिम एशिया के देशों को चुनौतियों का सामना करना पड़े। मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि शी ने सऊदी क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान से फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि सऊदी अरब और ईरान अच्छे पड़ोसी की भावना को बनाए रखेंगे और बीजिंग में हुई बातचीत पर अमल करेंगे।

साऊदी और ईरान के बीच बातचीत बनाए रखने के लिए चीन अब भी तैयार है। शी ने कहा कि दोनों देशों के बीच सुलह और शांति समझौता बनाए रखने के लिए चीन तैयार है। साऊदी और ईरान के एक साथ आने से विकास तो होगा, लेकिन इससे मध्य पूर्व में क्या फर्क पड़ेगा, ये अब भी सवाल है।

रिपोर्ट का कहना है कि मध्यपूर्व में अमेरिका का दखल कम होना चीन के लिए कूटनीतिक जीत है। क्योंकि इससे चीन अमेरिका के नेतृत्व वाली वैश्विक व्यवस्था का विकल्प पेश करता है। साऊदी-ईरान समझौते के बाद शी जिनपिंग 20 मार्च को रूस दौरे के दौरान यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध को खत्म कर शांति समझौता करने का रोडमैप तैयार किया है।एक लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रविवार को घोषित सौदे के तहत रियाद रूसी आपूर्ति पर अनिश्चितता के बीच ऊर्जा संबंधों को मजबूत करने के लिए एकीकृत रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल परिसर में निवेश करेगा। विश्लेषकों को उम्मीद है कि चीन भारी छूट वाले रूसी कच्चे तेल की खरीद जारी रखेगा।

विशेषज्ञ जोय झोउ का कहना है कि रूस-यूक्रेन युद्ध वैश्विक तेल आपूर्ति श्रृंखला को बाधित कर सकते हैं। जिससे बड़ी कीमत में उतार-चढ़ाव हो सकता है। झोउ ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि मध्य पूर्वी कंपनियां चीनी कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यमों में भाग लेने के लिए तैयार होंगी। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके तेल के लिए एक सुरक्षित आउटलेट है।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मंगलवार को कहा कि हमें उम्मीद है कि ईरान और साऊदी अरब दोनों अपने संबंधों में सुधार करेंगे। जिससे पश्चिम एशिया के देशों को चुनौतियों का सामना करना पड़े। मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि शी ने सऊदी क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान से फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि सऊदी अरब और ईरान अच्छे पड़ोसी की भावना को बनाए रखेंगे और बीजिंग में हुई बातचीत पर अमल करेंगे।

साऊदी और ईरान के बीच बातचीत बनाए रखने के लिए चीन अब भी तैयार है। शी ने कहा कि दोनों देशों के बीच सुलह और शांति समझौता बनाए रखने के लिए चीन तैयार है। साऊदी और ईरान के एक साथ आने से विकास तो होगा, लेकिन इससे मध्य पूर्व में क्या फर्क पड़ेगा, ये अब भी सवाल है।

रिपोर्ट का कहना है कि मध्यपूर्व में अमेरिका का दखल कम होना चीन के लिए कूटनीतिक जीत है। क्योंकि इससे चीन अमेरिका के नेतृत्व वाली वैश्विक व्यवस्था का विकल्प पेश करता है। साऊदी-ईरान समझौते के बाद शी जिनपिंग 20 मार्च को रूस दौरे के दौरान यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध को खत्म कर शांति समझौता करने का रोडमैप तैयार किया है।एक लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रविवार को घोषित सौदे के तहत रियाद रूसी आपूर्ति पर अनिश्चितता के बीच ऊर्जा संबंधों को मजबूत करने के लिए एकीकृत रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल परिसर में निवेश करेगा। विश्लेषकों को उम्मीद है कि चीन भारी छूट वाले रूसी कच्चे तेल की खरीद जारी रखेगा।

विशेषज्ञ जोय झोउ का कहना है कि रूस-यूक्रेन युद्ध वैश्विक तेल आपूर्ति श्रृंखला को बाधित कर सकते हैं। जिससे बड़ी कीमत में उतार-चढ़ाव हो सकता है। झोउ ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि मध्य पूर्वी कंपनियां चीनी कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यमों में भाग लेने के लिए तैयार होंगी। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके तेल के लिए एक सुरक्षित आउटलेट है।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मंगलवार को कहा कि हमें उम्मीद है कि ईरान और साऊदी अरब दोनों अपने संबंधों में सुधार करेंगे। जिससे पश्चिम एशिया के देशों को चुनौतियों का सामना करना पड़े। मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि शी ने सऊदी क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान से फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि सऊदी अरब और ईरान अच्छे पड़ोसी की भावना को बनाए रखेंगे और बीजिंग में हुई बातचीत पर अमल करेंगे।

साऊदी और ईरान के बीच बातचीत बनाए रखने के लिए चीन अब भी तैयार है। शी ने कहा कि दोनों देशों के बीच सुलह और शांति समझौता बनाए रखने के लिए चीन तैयार है। साऊदी और ईरान के एक साथ आने से विकास तो होगा, लेकिन इससे मध्य पूर्व में क्या फर्क पड़ेगा, ये अब भी सवाल है।

रिपोर्ट का कहना है कि मध्यपूर्व में अमेरिका का दखल कम होना चीन के लिए कूटनीतिक जीत है। क्योंकि इससे चीन अमेरिका के नेतृत्व वाली वैश्विक व्यवस्था का विकल्प पेश करता है। साऊदी-ईरान समझौते के बाद शी जिनपिंग 20 मार्च को रूस दौरे के दौरान यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध को खत्म कर शांति समझौता करने का रोडमैप तैयार किया है।एक लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रविवार को घोषित सौदे के तहत रियाद रूसी आपूर्ति पर अनिश्चितता के बीच ऊर्जा संबंधों को मजबूत करने के लिए एकीकृत रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल परिसर में निवेश करेगा। विश्लेषकों को उम्मीद है कि चीन भारी छूट वाले रूसी कच्चे तेल की खरीद जारी रखेगा।

विशेषज्ञ जोय झोउ का कहना है कि रूस-यूक्रेन युद्ध वैश्विक तेल आपूर्ति श्रृंखला को बाधित कर सकते हैं। जिससे बड़ी कीमत में उतार-चढ़ाव हो सकता है। झोउ ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि मध्य पूर्वी कंपनियां चीनी कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यमों में भाग लेने के लिए तैयार होंगी। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके तेल के लिए एक सुरक्षित आउटलेट है।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मंगलवार को कहा कि हमें उम्मीद है कि ईरान और साऊदी अरब दोनों अपने संबंधों में सुधार करेंगे। जिससे पश्चिम एशिया के देशों को चुनौतियों का सामना करना पड़े। मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि शी ने सऊदी क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान से फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि सऊदी अरब और ईरान अच्छे पड़ोसी की भावना को बनाए रखेंगे और बीजिंग में हुई बातचीत पर अमल करेंगे।

साऊदी और ईरान के बीच बातचीत बनाए रखने के लिए चीन अब भी तैयार है। शी ने कहा कि दोनों देशों के बीच सुलह और शांति समझौता बनाए रखने के लिए चीन तैयार है। साऊदी और ईरान के एक साथ आने से विकास तो होगा, लेकिन इससे मध्य पूर्व में क्या फर्क पड़ेगा, ये अब भी सवाल है।

रिपोर्ट का कहना है कि मध्यपूर्व में अमेरिका का दखल कम होना चीन के लिए कूटनीतिक जीत है। क्योंकि इससे चीन अमेरिका के नेतृत्व वाली वैश्विक व्यवस्था का विकल्प पेश करता है। साऊदी-ईरान समझौते के बाद शी जिनपिंग 20 मार्च को रूस दौरे के दौरान यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध को खत्म कर शांति समझौता करने का रोडमैप तैयार किया है।एक लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रविवार को घोषित सौदे के तहत रियाद रूसी आपूर्ति पर अनिश्चितता के बीच ऊर्जा संबंधों को मजबूत करने के लिए एकीकृत रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल परिसर में निवेश करेगा। विश्लेषकों को उम्मीद है कि चीन भारी छूट वाले रूसी कच्चे तेल की खरीद जारी रखेगा।

विशेषज्ञ जोय झोउ का कहना है कि रूस-यूक्रेन युद्ध वैश्विक तेल आपूर्ति श्रृंखला को बाधित कर सकते हैं। जिससे बड़ी कीमत में उतार-चढ़ाव हो सकता है। झोउ ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि मध्य पूर्वी कंपनियां चीनी कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यमों में भाग लेने के लिए तैयार होंगी। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके तेल के लिए एक सुरक्षित आउटलेट है।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मंगलवार को कहा कि हमें उम्मीद है कि ईरान और साऊदी अरब दोनों अपने संबंधों में सुधार करेंगे। जिससे पश्चिम एशिया के देशों को चुनौतियों का सामना करना पड़े। मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि शी ने सऊदी क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान से फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि सऊदी अरब और ईरान अच्छे पड़ोसी की भावना को बनाए रखेंगे और बीजिंग में हुई बातचीत पर अमल करेंगे।

साऊदी और ईरान के बीच बातचीत बनाए रखने के लिए चीन अब भी तैयार है। शी ने कहा कि दोनों देशों के बीच सुलह और शांति समझौता बनाए रखने के लिए चीन तैयार है। साऊदी और ईरान के एक साथ आने से विकास तो होगा, लेकिन इससे मध्य पूर्व में क्या फर्क पड़ेगा, ये अब भी सवाल है।

रिपोर्ट का कहना है कि मध्यपूर्व में अमेरिका का दखल कम होना चीन के लिए कूटनीतिक जीत है। क्योंकि इससे चीन अमेरिका के नेतृत्व वाली वैश्विक व्यवस्था का विकल्प पेश करता है। साऊदी-ईरान समझौते के बाद शी जिनपिंग 20 मार्च को रूस दौरे के दौरान यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध को खत्म कर शांति समझौता करने का रोडमैप तैयार किया है।एक लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रविवार को घोषित सौदे के तहत रियाद रूसी आपूर्ति पर अनिश्चितता के बीच ऊर्जा संबंधों को मजबूत करने के लिए एकीकृत रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल परिसर में निवेश करेगा। विश्लेषकों को उम्मीद है कि चीन भारी छूट वाले रूसी कच्चे तेल की खरीद जारी रखेगा।

विशेषज्ञ जोय झोउ का कहना है कि रूस-यूक्रेन युद्ध वैश्विक तेल आपूर्ति श्रृंखला को बाधित कर सकते हैं। जिससे बड़ी कीमत में उतार-चढ़ाव हो सकता है। झोउ ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि मध्य पूर्वी कंपनियां चीनी कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यमों में भाग लेने के लिए तैयार होंगी। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके तेल के लिए एक सुरक्षित आउटलेट है।



JJ MEDIA NEWS
झुग्गी झोपड़ी
हिन्दी दैनिक
आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश व अन्य प्रदेश मे
कार्य करने हेतु लोगो की
आवश्यकता है
संपर्क:- 277/129 चकिया जगमल का हाता
जनपद प्रयागराज पिन कोड 211016
उत्तर प्रदेश
9918366626 , 9140343290

